NEET Bulletin Helpline No.
8800265682
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

लखनऊ से प्रकाशित

वर्षः 13 अंकः 177 लखनऊ, शुक्रवार 09 फरवरी 2024 मूल्यः 02 रुपये पृष्ठ- 08

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जीरो टालरेंस नीति का दिख रहा असर

संवाददाता।

लखनऊ पिछली सरकारों में जहां अभियोजन निदेशालय हाशिये पर रहता था, वहीं योगी सरकार ने इसे खास तरजीह दी है। इसी का नतीजा है कि प्रदेश के विभिन्न न्यायालयों में अभियोजन निदेशालय की प्रभावी पैरवी से पिछले सात माह के अंदर 17 हजार से अधिक मामलों में 23 हजार से अधिक अपराधियों को उनके गुनाहों की सजा दिलायी जा चुकी है। लखनऊ। योगी सरकार प्रदेश में जीरो टॉलरेंस नीति के तहत अपराध और अपराधियों की कमर तोड़ रही है। यूपी पुलिस जहां एक तरफ सीधा मुकाबला करते हुए अबतक 194 से अधिक बदमाशों को ढेर कर चुकी है, वहीं बड़ी संख्या ऐसे अपराधियों की भी है, जिन्हें न्यायालय में पुलिस की प्रभावी पैरवी से बेदम कर दिया गया है। यूपी पुलिस का अभियोजन निदेशालय इसमें अहम रोल अदा कर रहा है। पिछली सरकारों में जहां अभियोजन निदेशालय हाशिये पर रहता था, वहीं योगी सरकार ने इसे खास तरजीह दी है। इसी का नतीजा है कि प्रदेश के विभिन्न न्यायालयों में अभियोजन निदेशालय की प्रभावी पैरवी से पिछले सात माह के अंदर 17 हजार से अधिक मामलों में 23 हजार से अधिक अपराधियों को उनके गुनाहों की सजा दिलायी जा चुकी है। वहीं अपराधियों को सजा दिलाने में प्रदेश के दस जिलों ने बाजी मारी है। अभियोजन निदेशालय के एडीजी दीपेश जुनेजा ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जुलाई–23 में प्रदेश के अपराधियों को कोर्ट में प्रभावी पैरवी और शत–प्रतिशत गवाहों की गवाही कराकर अपराधियों को सजा दिलाने के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिये थे। इसके तहत अपराधियों को सख्त से सख्त सजा दिलाने के लिए 1 जुलाई से ऑपरेशन कन्विक्शन चलाया गया। इस अभियान के जरिये 25 जनवरी–24 तक 17,657 मामलों में 23,971 अपराधियों को सजा दिलायी गई। इसमें कोर्ट में प्रभावी पैरवी के जरिये 19 अपराधियों को मृत्युदंड की सजा दिलायी गई जबकि 5 वर्ष से कम की सजा में सबसे अधिक 9,139 अपराधियों को सजा दिलायी गई। ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत 1 जुलाई से 25 जनवरी तक 2213 अपराधियों को आजीवन कारावास, 432 अपराधियों को 20 वर्ष अथवा अधिक की सजा, 30 अपराधियों को 15 से 19 वर्ष की सजा, 1405 अपराधियों को 10 से 14 वर्ष की सजा, 2154 अपराधियों को 5 से 9 वर्ष कारावास की सजा दिलायी गई। वहीं 8,579 अपराधियों ने जेल में अपनी सजा काटी। एडीजी ने बताया कि इन अपराधियों को सबसे अधिक पॉक्सो के 1482 मामलों में सजा दिलायी गई है। योगी सरकार ने कोर्ट में प्रभावी पैरवी के जरिये 1 जुलाई से 25 जनवरी तक सनसनीखेज हत्या के 844 मामलों, बलात्कार के 260 मामलों, डकैती के 50 मामलों, लूट के 208 मामलों, चोरी के 1001, गृह भेदन के 89 मामलों, अन्य सनसनीखेज अपराध के 1075 मामलों, वाहन चोरी के 116 मामलों और अन्य प्रकरण के 12,532 मामलों में अपराधियों को सजा दिलायी गई। वहीं ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत प्रदेश के आठ जिलों और दो कमिश्नरेट पुलिस ने अपराधियों को सजा दिलाने में सबसे अच्छा प्रदर्शन किया। इसमें बाराबंकी पुलिस ने सबसे अधिक 714 अपराधियों को सजा दिलायी जबकि कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर ने 673 अपराधियों, सहारनपुर ने 538 अपराधियों, मुरादाबाद ने 519 अपराधियों, बिजनौर ने 479 अपराधियों, मुजफ्फनगर ने 457 अपराधियों, मेरठ ने 451 अपराधियों, बुलंदशहर ने 441 अपराधियों और कमिश्नरेट आगरा ने 349 अपराधियों को सजा दिलायी।




## यूपीए सरकार के खिलाफ वित्त मंत्री ने पेश किया श्वेत पत्र, झारखंड के लिए एनआरसी की मांग

एजेंसी।

नई दिल्ली सरकार ने बृहस्पतिवार को लोकसभा को अवगत कराया कि उत्तर प्रदेश में एक–दो माह में पांच और हवाई अड्डों का परिचालन शुरू हो जाएगा, जबकि जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा इस साल के अंत तक शुरू हो जाएगा। संसद का आज का सत्र बेहद ही अहम रहा। लोकसभा में वित्त मंत्री निर्मला सीताराम ने यूपीए कार्यकाल के खिलाफ श्वेत पत्र पेश किया। श्वेत पत्र में कई बड़े दावे किए गए हैं। इसमें कहा गया है कि वर्ष 2014 में अर्थव्यवस्था संकट में थी, तब श्वेतपत्र प्रस्तुत किया जाता तो नकारात्मक स्थिति बन सकती थी और निवेशकों का आत्मविश्वास डगमगा जाता। राजनीतिक और नीतिगत स्थिरता से लैस राजग सरकार ने पूर्ववर्ती संप्रग सरकार के विपरीत बड़े आर्थिक फायदों के लिए कड़े फैसले लिए। त्वरित समाधान करने के बजाय, राजग सरकार ने साहसिक सुधार किए। इसके आरोप लगाया गया है कि संप्रग सरकार आर्थिक गतिविधियों को सहूलियत दे पाने में बुरी तरह नाकाम रही, इसने बाधाएं खड़ी की जिससे अर्थव्यवस्था आगे बढ़ नहीं पाई। 2014 से पहले के दौर की हरेक चुनौती से राजग सरकार के आर्थिक प्रबंधन एवं शासन के जरिये निपटा गया। सरकार ने बृहस्पतिवार को लोकसभा को अवगत कराया कि उत्तर प्रदेश में एक–दो माह में पांच और हवाई अड्डों का परिचालन शुरू हो जाएगा, जबकि जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा इस साल के अंत तक शुरू हो जाएगा। सरकार ने यह भी कहा कि जय प्रकाश नारायण और पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर से संबद्ध बलिया क्षेत्र में हवाई अड्डे के लिए यदि राज्य सरकार की ओर से कोई प्रस्ताव आता है तो वह अवश्य विचार करेगी। नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सदन में प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के उत्तर में यह बात कही।द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) के सांसद टी आर बालू ने बृहस्पतिवार को केंद्र सरकार पर तमिलनाडु को महत्व नहीं देने का आरोप लगाते हुए दावा किया



## महाराष्ट्र पुलिस संग नक्सलियों का मुठभेड़, भारी मात्रा में विस्फोटक जब्त

एजेंसी।

महाराष्ट्र। पुलिस ने उनके शिविरों से तार बंडल, इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) बैटरी, डेटोनेटर, क्लेमोर खदानों के लिए हुक और सौर पैनल जैसी चीजें बरामद कीं। मुठभेड़ तब शुरू हुई जब पुलिस अधिकारियों को सूचना मिली कि हथियारबंद नक्सली जवान वांगेतुरी से सात किमी पूर्व में हिदुर गांव में डेरा



डाले हुए हैं।महाराष्ट्र पुलिस ने बुधवार शाम महाराष्ट्र–छत्तीसगढ़ सीमा पर मुठभेड़ के बाद नक्सलियों से भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नारायणपुर–गढ़चिरौली–कांकेर जंक्शन पर महाराष्ट्र पुलिस के गढ़चिरौली कमांडो और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। नक्सली भीषण गोलीबारी के बाद भाग गए, पुलिस ने उनके शिविरों से तार बंडल, इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) बैटरी, डेटोनेटर, क्लेमोर खदानों के लिए हुक और सौर पैनल जैसी चीजें बरामद कीं। मुठभेड़ तब शुरू हुई जब पुलिस अधिकारियों को सूचना मिली कि हथियारबंद नक्सली जवान वांगेतुरी से सात किमी पूर्व में हिदुर गांव में डेरा डाले हुए हैं। पुलिस ने कहा कि नक्सली विध्वंसक गतिविधियों को अंजाम देने के लिए वांगेतुरी और गार्डेवाड़ा में नई खुली पुलिस चौकियों की रेकी करने के लिए वहां डेरा डाले हुए थे। एडिशनल एसपी यतीश देशमुख के नेतृत्व में एक टीम ने इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया। हिदूर गांव से करीब 500 मीटर दूर पुलिस और नक्सलियों के बीच भारी गोलीबारी हुई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में भारी गोलीबारी के बाद नक्सली भाग निकले।

## जब राहुल ने फाड़ा था अपनी ही सरकार का अध्यादेश, 2013 की इस घटना का मोदी सरकार के श्वेत पत्र से है क्या कनेक्शन

एजेंसी।

नई दिल्ली सरकार के श्वेतपत्र में कहा गया है कि वर्ष 2014 में अर्थव्यवस्था संकट में थी, तब श्वेतपत्र प्रस्तुत किया जाता तो नकारात्मक स्थिति बन सकती थी और निवेशकों का आत्मविश्वास डगमगा जाता। राजनीतिक और नीतिगत स्थिरता से लैस राजग सरकार नेपूर्ववर्ती संप्रग सरकार के विपरीत बड़े आर्थिक फायदों के लिए कड़े फैसले लिए। यूपीए सरकार के वर्षों और एनडीए के वर्षों के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था को संभालने में अंतर को उजागर करने के लिए, नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने गुरुवार को लोकसभा में एक श्वेत पत्र पेश किया। श्वेत पत्र में, मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने दावा किया कि उसे 2014 में खराब स्थिति और संकट वाली अर्थव्यवस्था विरासत में मिली और इसके लिए यूपीए सरकार के नेतृत्व को जिम्मेदार ठहराया। विशेष रूप से, श्वेत पत्र में 2013 के एक उदाहरण का उल्लेख किया गया है जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलटने वाले अपनी ही सरकार के प्रस्तावित अध्यादेश को ष्फाड़ष दिया था।

श्वेत पत्र में कहा गया है कि यूपीए सरकार में बार–बार नेतृत्व का संकट पैदा होता रहा। सरकार द्वारा जारी एक अध्यादेश को सार्वजनिक रूप से फाड़ने की शर्मनाक घटना सामने आई। हालांकि राहुल गांधी का नाम नहीं निया गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को लोकसभा में भारतीय अर्थव्यवस्था पर एक श्वेतपत्र प्रस्तुत किया। सरकार के श्वेतपत्र में कहा गया है कि वर्ष 2014 में अर्थव्यवस्था संकट में थी, तब श्वेतपत्र प्रस्तुत किया जाता तो नकारात्मक स्थिति बन सकती थी और निवेशकों का आत्मविश्वास डगमगा जाता। राजनीतिक और नीतिगत स्थिरता से लैस राजग सरकार नेपूर्ववर्ती संप्रग सरकार के विपरीत बड़े आर्थिक फायदों के लिए कड़े फैसले लिए। 2013 में क्या हुआ था?28 सितंबर 2013 को, राहुल गांधी ने अपनी ही सरकार द्वारा पारित एक अध्यादेश की आलोचना की, जिसमें दोषी सांसदों को अपनी सीटें बरकरार रखने के लिए तीन महीने की मोहलत दी गई, जो कि लिली थॉमस बनाम भारत संघ मामले में एक मिसाल है, जहां सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया कि सांसदों सहित कानून निर्माता को यदि न्यूनतम दो वर्ष की सजा सुनाई गई तो वे तुरंत अपनी सदस्यता खो देंगे। गांधी, जो उस समय कांग्रेस के उपाध्यक्ष थे, ने अध्यादेश को ष्पूरी तरह से बकवासष करार दिया और सिफारिश की कि यूपीए सरकार की कैबिनेट द्वारा नेताओं को अयोग्यता से बचाने के कार्यकारी आदेश को मंजूरी देने के बाद इसे ष्फाड़ दियाष जाना चाहिए। उन्होंने साफ तौर पर कहा था कि अध्यादेश के बारे में मेरी राय यह है कि यह पूरी तरह से बकवास है और इसे फाड़कर फेंक देना चाहिए। उस समय आलोचकों ने कहा था कि यह घटना प्रधान मंत्री के कार्यालय के प्रति राहुल गांधी के रवैये का प्रतिबिंब थी जिसे उन्होंने कमजोर कर दिया था।



## बुजुर्ग से एटीएम बदलकर निकाले एक लाख 14 हजार

लखनऊ(आरएनएस) । राजधानी के गोमतीनगर में एक बुजुर्ग का एटीएम बदलकर एक युवक ने एक लाख 14 हजार रुपये निकाल लिया। पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मीनाक्षी चंद्रन पत्नी पीएम चंद्रन निवासी विराम खंड ने थाना गोमतीनगर पर सूचना दिया कि वह एक रिटायर्ड पेंशनर है। चार फरवरी को समय करीब नौ बजे सुबह वह ने अपनी पति पीएम चंद्रन को अपने एसबीआई बैंक का एटीएम कार्ड देकर पैसा निकालने के लिए भेजा था। उनके पति पहले पत्रकारपुरम स्थित एसबीआई बैंक की शाखा के पास स्थित एसबीआई एटीएम कक्ष में गए किंतु एटीएम मशीन में पैसा ना होने के कारण वह बगल में स्थित यूएनओ बैंक के एटीएम कक्ष में गए। जब उनके पति ने उक्त यूएनओ बैंक के एटीएम मशीन में वादिनी के उक्त एटीएम कार्ड को डाला तो पीछे खड़े एक अज्ञात व्यक्ति ने सहायता के नाम पर उनके पति से उनका एसबीआई एटीएम कार्ड ले लिया। उस एटीएम कक्ष में कोई गार्ड ना होने के कारण उस अज्ञात व्यक्ति ने धोखाधड़ी पूर्वक उनके पति से वादिनी का एटीएम कार्ड बदलकर एक कूटरचित एटीएम कार्ड पति के हाथ में थमा दिया और वहां से फरार हो गया। इससे वादी का पति बहुत परेशान हो गया और वापस अपने घर आकर देखा कि वादिनी के मोबाइल में अकाउंट से पैसे के कटने का मैसेज लगातार आ रहा था। तब वादिनी ने अपने एसबीआई बैंक के टोल फ्री नंबर पर कॉल करके अपने एटीएम कार्ड को ब्लॉक करवा दिया। तब तक वादिनी के एसबीआई अकाउंट से 14 बार में करीब 1,14,500 रुपये कट चुके थे। तहरीर मिलने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## अग्निपथ' योजना युवाओं के साथ अन्याय, इसे निरस्त किया जाए कांग्रेस

एजेंसी

नई दिल्ली कांग्रेस के 'जय जवान अभियान' के तहत यहां संवाददाताओं से बातचीत में पार्टी के राष्ट्रीय सचिव विनीत पुनिया ने कहा कि वर्ष 2019 और 2022 के बीच एक नियमित भर्ती अभियान में युवाओं को देश की सेनाओं में शामिल किया गया था, लेकिन उन्हें भर्ती से वंचित कर दिया गया क्योंकि मोदी सरकार ने अचानक सशस्त्र बलों पर 'अग्निपथ' योजना थोप दी।नागपुर। कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को कहा कि सेना में भर्ती की योजना 'अग्निपथ' देश के युवाओं के साथ अन्याय है और नौजवानों के हित में इसे निरस्त करने की जरूरत है। कांग्रेस के 'जय जवान अभियान' के तहत यहां संवाददाताओं से बातचीत में पार्टी के



राष्ट्रीय सचिव विनीत पुनिया ने कहा कि वर्ष 2019 और 2022 के बीच एक नियमित भर्ती अभियान में युवाओं को देश की सेनाओं में शामिल किया गया था, लेकिन उन्हें भर्ती से वंचित कर दिया गया क्योंकि मोदी सरकार ने अचानक सशस्त्र बलों पर 'अग्निपथ' योजना थोप दी। पुनिया ने कहा, ''कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा 31 जनवरी को बिहार से शुरू किए गए 'जय जवान अभियान' की दो मुख्य मांग हैं। पहली यह कि 'अग्निपथ' योजना लागू होने पर इन डेढ़ लाख युवाओं से छीनी गई नौकरियां वापस की जाएं।

## वट वृक्ष हमारा रजिस्टर्ड सिम्बल...शरद पवार गुट के नए चुनाव चिह्न पर विश्व हिंदू परिषद की आपत्ति

नई दिल्ली आपको बता दें कि चुनाव आयोग ने शरद पवार गुट को नई पार्टी का नाम और चुनाव चिह्न तय करने के लिए विकल्प सुझाने के लिए बुधवार शाम तक की समयसीमा दी थी, जिसके बाद उन्होंने अपनी पार्टी के लिए नए नाम पेश किए, जिनमें से एक को चुना जाएगा। महाराष्ट्र में शरद पवार गुट को अब नया नाम और चुनाव चिन्ह मिल गया है. चुनाव आयोग ने शरद पवार गुट की पार्टी के नए नाम श्एनसीपी शरद चंद्र पवारश को मंजूरी दे दी थी. शरद गुट का चुनाव चिन्ह पेड़ है, जिसे लेकर अब विश्व हिंदू परिषद ने आपत्ति जताई है। विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) ने शरद गुट की नई पार्टी के चुनाव चिन्ह पेड़ को लेकर आपत्ति जताई है। वीएचपी का कहना है कि बरगद का पेड़ उनके संगठन का पंजीकृत प्रतीक है। आपको बता दें कि चुनाव आयोग ने शरद पवार गुट को नई पार्टी का नाम और चुनाव चिह्न तय करने के लिए विकल्प सुझाने के लिए बुधवार शाम तक की समयसीमा दी थी, जिसके बाद उन्होंने अपनी पार्टी के लिए नए नाम पेश किए, जिनमें से एक को चुना जाएगा। चुनाव आयोग ने अजित के गुट को ही असली एनसीपी माना था चुनाव आयोग ने इससे पहले शरद पवार गुट को झटका देते हुए अजित गुट को असली एनसीपी करार दिया। आयोग ने कहा था कि सभी सबूतों को ध्यान में रखते हुए अजित गुट ही असली एनसीपी है। चुनाव आयोग के इस फैसले से अजित पवार गुट को एनसीपी के चुनाव चिन्ह का इस्तेमाल करने का अधिकार मिल गया। आयोग ने सभी दस्तावेजी सबूतों का विश्लेषण करने के बाद कहा था कि यह स्पष्ट है कि अजीत के समूह का पार्टी के अलावा पार्टी और संगठन पर भी प्रभुत्व है। उनके ग्रुप के और भी लोग हैं। इस वजह से पार्टी का नाम और सिंबल दोनों अजित गुट को दिया गया है। शरद पवार बनाम अजित पवार गुट मामले में चुनाव आयोग ने 147 पेज का आदेश दिया है। इस क्रम में आयोग ने दोनों समूहों के सभी बिंदुओं और साक्ष्यों का विश्लेषण किया है। आयोग ने सभी दस्तावेजी सबूतों का विश्लेषण किया है और कहा है कि यह स्पष्ट है कि अजीत के समूह का पार्टी के अलावा पार्टी और संगठन पर भी प्रभुत्व है। उनके ग्रुप के और भी लोग हैं. इस वजह से पार्टी का नाम और सिंबल दोनों अजित गुट को दिया गया है। महाराष्ट्र से छह राज्यसभा सीटों के लिए चुनाव के मद्देनजर शरद पवार गुट को चुनाव संचालन नियम 1961 के नियम 39।। का पालन करने के लिए विशेष छूट दी गई। उनसे बुधवार शाम 4 बजे तक नई पार्टी बनाने के लिए तीन नाम देने को कहा गया है।



## किसानों का धरना-प्रदर्शन खत्म, खुला दिल्ली-नोएडा रूट, महाजाम से मिली बड़ी राहत

नई दिल्ली इस मार्च के कारण दिल्ली–नोएडा सीमा पर भारी ट्रैफिक जाम हो गया और सभी सीमाएं 24 घंटे के लिए सील कर दी गईं। किसी भी कानून–व्यवस्था की स्थिति से बचने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस की तैनाती भी की गई थी। नोएडा एक्सप्रेसवे पर प्रदर्शन कर रहे किसानों ने पुलिस और अधिकारियों द्वारा उनकी मांग सुनने का आश्वासन दिए जाने के बाद गुरुवार शाम को अपना आंदोलन समाप्त कर दिया। इसके बाद छह घंटे बाद नोएडा–दिल्ली रूट खोल दिया गया। नोएडा और ग्रेटर नोएडा में किसान स्थानीय विकास प्राधिकरणों द्वारा पूर्व में अधिग्रहीत अपनी भूमि के बदले अधिक मुआवजे और विकसित भूखंडों की मांग को लेकर दिसंबर 2023 से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इसे देखते हुए, किसान समूहों ने अपनी मांगों को पूरा करने के लिए गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी में श्किसान महापंचायतश और संसद तक विरोध मार्च का आह्वान किया। इस मार्च के कारण दिल्ली–नोएडा सीमा पर भारी ट्रैफिक जाम हो गया और सभी सीमाएं 24 घंटे के लिए सील कर दी गईं। किसी भी कानून–व्यवस्था की स्थिति से बचने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस की तैनाती भी की गई थी। नोएडा के क्ब्च विद्या सागर मिश्रा ने कहा कि आज किसान संगठन के नेताओं से वार्ता हुई है। वार्ता के क्रम में एक हाई पावर कमेटी के गठन का प्रस्ताव रखा गया है। जिस पर उनके द्वारा सहमति दी गई और सहमति के बाद आज का कार्यक्रम समाप्त हो गया है...यातायात को समान्य कराया जा रहा है।घंटों के विरोध के बाद, गौतमबुद्ध नगर की पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह द्वारा उनकी मांग सुनने का आश्वासन दिए जाने के बाद नोएडा एक्सप्रेसवे पर धरने पर बैठे किसानों ने अपना आंदोलन समाप्त करने का फैसला किया। पुलिस कमिश्नर ने यह भी कहा कि उनकी निगरानी में एक कमेटी बनाई जाएगी जो एक हफ्ते में किसान प्रतिनिधियों से बातचीत करेगी. राज्य के मंत्री भी इन चर्चाओं का हिस्सा होंगे।

## सम्राट चौधरी की हुंकार, हम नीतीश के साथ लेकिन भाजपा ने बिहार में अपनी सरकार बनाने का नहीं छोड़ा है संकल्प

एजेंसी पटना बिहार सम्राट चौधरी ने कहा कि हम जिस भी गठबंधन का हिस्सा हैं, उसका तब तक सम्मान करते हैं, जब तक वह जीवित है। हम नीतीश कुमार के साथ भी ऐसा ही करेंगे, जिन्हें श्इंडी अलायंसश के लोगों ने प्रधान मंत्री पद के वादे से लुभाया था, लेकिन उन्हें समय रहते एहसास हुआ कि यह केवल भ्रष्टों को बचाने के लिए बनाया गया एक समूह था। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गुरुवार को कहा कि भाजपा राज्य में अपनी सरकार बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और उसने जदयू अध्यक्ष नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री के रूप में स्वीकार करके अपना इरादा नहीं छोड़ा है। चौधरी, जो राज्य भाजपा अध्यक्ष भी हैं, ने पार्टी कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ नेताओं से खचाखच भरे सभागार में यह बयान दिया। राज्य में एक पखवाड़े पहले देखे गए नाटकीय पुनर्गठन का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए एक कठिन कॉल था। राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर खूब चर्चा हुई और आखिरकार बिहार में श्जंगल राजश लाने वाली राजद को सत्ता से बाहर करने का फैसला लिया गया। सम्राट चौधरी ने कहा कि हम जिस भी गठबंधन का हिस्सा हैं, उसका तब तक सम्मान करते हैं, जब तक वह जीवित है। हम नीतीश कुमार के साथ भी ऐसा ही करेंगे, जिन्हें श्इंडी अलायंसश के लोगों ने प्रधान मंत्री पद के वादे से लुभाया था, लेकिन उन्हें समय रहते एहसास हुआ कि यह केवल भ्रष्टों को बचाने के लिए बनाया गया एक समूह था।

# बुंदेलखंड महोत्सव के माध्यम से महोबा के गौरवशाली इतिहास, सांस्कृतिक विरासत, लोक कला से परिचित होंगे आगन्तुक

## 09 व 10 फरवरी को महोबा में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का होगा आयोजन–जयवीर सिंह

लखनऊ(आरएनएस)। वीरों की धरती बुन्देलखण्ड के अंतर्गत आने वाले 07 जनपदों के गौरवशाली अतीत एवं विशेषताओं की जानकारी जनमानस तथा युवाओं को देने के लिए शुरू की गयी बुन्देलखण्ड महोत्सव की यात्रा आज आल्हा ऊदल की धरती महोबा पहुंच चुकी है। जनपद महोबा में 09–10 फरवरी के दौरान विभिन्न रंगारंग गतिविधियॉ आयोजित की जायेगी। आगन्तुकों को महोबा के गौरवशाली इतिहास एवं आल्हा ऊदल की वीरगाथा के संस्मरणों से अवगत कराया जायेगा। इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जायेगा।

यह जानकारी आज यहां प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि बुन्देलखण्ड स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इसके अलावा आल्हा ऊदल के शौर्य एवं पराक्रम की वीरगाथा यहां के जन–जन में रची बसी है। आल्हा ऊदल की जीवनी तथा उनके द्वारा लड़ी गयी विभिन्न लड़ाईयों का वर्णन लोक कलाकारों द्वारा उ0प्र0 तथा मध्य प्रदेश में आज भी प्रस्तुत किया जाता है। नई पीढ़ी इससे रोमांच का अनुभव करती है। आल्हा ऊदल की विरासत आज भी लोक आस्था एवं लोकजीवन में जीवित है। पर्यटन मंत्री ने बताया कि महोबा में 09 व 10 फरवरी को हॉट एयर बलूनिंग, योग, हेरिटेज वॉक के अलावा विभिन्न प्रतिस्पर्धाएं, वॉटर स्पोर्टस् तथा प्रभातफेरी के साथ–साथ विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। आगन्तुकों को योग, ध्यान तथा ज्ञान के साथ–साथ मनोरंजन के विभिन्न विकल्प दिए जा रहे हैं। महोबा में महोत्सव के पहले दिन मोदी मैदान में सुबह हॉट एयर बलून, कीरत सागर तट में योग और रहेलिया सूर्य मंदिर से खाकरमठ तक हेरिटेज वॉक, दिन में कीरत सागर बोट क्लब में साहसिक खेलों और वॉटर स्पोर्ट्स गतिविधिओं का आयोजन किया जा रहा है। जयवीर सिंह ने बताया कि वहीं शाम को आगंतुकों के मनोरंजन के लिए डाक बंग्ला ग्राउंड में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ महोबा के स्थानीय कलाकार नवल किशोर के द्वारा बधाई लोकनृत्य व मनीषा यादव द्वारा राई लोक नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। वहीं आल्हा सम्राट रामरथ पांडे अपने आल्हा गायन से लोगों में जोश भरेंगे और बॉलीवुड गायिका ऐश्वर्या पंडित अपने गीतों से समा बांधेंगी। इस महोत्सव में आगन्तुकों के लिए अपने अतीत से जुड़ने के लिए विभिन्न गतिविधियों का भी आयोजन किया जायेगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि स्वतंत्रता संग्राम में अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाली झांसी की रानी के पराक्रम तथा

आल्हा–ऊदल की वीरता के किस्सों से बुन्देलखण्ड ही नहीं बल्कि पूरा भारत और विश्व परिचित है। इस उत्सव द्वारा हम बुन्देलखण्ड के सातों जनपदों के गौरवशाली इतिहास, सांस्कृतिक विरासत, लोक कला और खान–पान से लोगों को परिचित करा रहे है। बुंदेलखंड में पर्यटन की असीम संभवनाएं हैं और इस महोत्सव से पर्यटन के साथ रोजगार भी बढ़ेगा।

# डंपर ने बाइक सवार को रौंदा, दो की मौत

लखनऊ(आरएनएस)। राजधानी के सुशांत गोल्फ सिटी में एक डंपर ने बाइक सवार दो दोस्तों को रौंद दिया। जिसमें दोनों की मौत हो गई। जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। धनेश्वर यादव पुत्र स्व. राम सुमिरन यादव निवासी–मिजार्पुर मस्तेमऊ ने थाना सुशांत गोल्फ सिटी पर सूचना दिया कि बुधवार की रात करीब 12 बजे रात्रि में उसका छोटा भाई मोहित यादव उम्र करीब 21 वर्ष और पड़ोस में रहने वाला लवकुश यादव दोनों साथ में अपनी मोटरसाइकिल से जनपद बाराबंकी दावत में जा रहे थे। तभी रास्ते में पासिन ढकवा पुल के पास एक अज्ञात डंपर चालक ने डंपर को तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उनके भाई मोहित यादव बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वादी के छोटे भाई मोहित यादव की मौके पर ही मृत्यु हो गई और लवकुश यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे एंबुलेंस की सहायता से सीएचसी गोसाईगंज ले जाया गया और चिकित्सकों ने लवकुश यादव को केजीएमयू रेफर कर दिया जहां चिकित्सकों द्वारा लवकुश को मृत घोषित कर दिया गया। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# राजभवन में तीन दिवसीय प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी का होगा आयोजन

लखनऊ(आरएनएस)। प्रदेश के राजभवन प्रांगण में आयोजित होने वाली तीन दिवसीय प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन के दृष्टिगत अभी तक लगभग 200 से अधिक प्रविष्टियों प्राप्त हुई है। प्रतियोगिता में प्राप्त प्रविष्टियों का मूल्यांकन निर्णायक मण्डल की टोलियों द्वारा 10 व 11 फरवरी, 2024 (शनिवार एवं रविवार) को किया जायेगा। समस्त निर्णायकों की टोलियाँ 10 फरवरी 2024 को प्रातः 10:00 बजे राजकीय उद्यान आलमबाग, लखनऊ से रवाना होंगी। निदेशक उद्यान अतुल कुमार सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि राजभवन प्रांगण में 17 से 19 फरवरी 2024 तक तीन दिवसीय प्रादेशिक फल,

# समीक्षा अधिकारी की परीक्षा को नकलविहीन कराएं सम्पन्न, गड़बड़ी मिली तो होगी कार्यवाही–डीएम

आर0एन0एस0प्रतापगढ़। डीएम संजीव रंजन ने समीक्षा अधिकारी, सहायक समीक्षा अधिकारी की परीक्षा के संबंध में गुरुवार को क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान में केन्द्र व्यवस्थापकों, सेक्टर एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेटों व नोडल अधिकारियों के साथ बैठक की। यह परीक्षा 11 फरवरी को 35 केन्द्रों पर दो पालियों में सम्पन्न होगी। परीक्षा का समय सुबह 9.30 बजे से 11.30 बजे के बीच एवं दोपहर 2.30 बजे से 3.30 बजे के बीच निर्धारित किया गया है। डीएम ने सभी जिम्मेदारों से कहा कि परीक्षा अवधि में आवंटित परीक्षा केन्द्रों पर भ्रमणशील रहकर परीक्षा को सकुशल, शुचितापूर्ण तथा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करायें। उन्होंने कहा कि यह परीक्षा बहुत ही महत्वपूर्ण है। परीक्षा की बुकलेट की गहनता से अध्ययन कर लें जिससे परीक्षा में कोई भी समस्या न उत्पन्न होने पाये। यदि किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो अपने स्टैटिक, सेक्टर व नोडल अधिकारी से जानकारी प्राप्त करें। डीएम ने सेक्टर एवं पुलिस अधिकारियों से कहा कि परीक्षा केन्द्रों पर प्रश्न पत्र के पैकेट प्रथम पाली में सुबह 5 बजे एवं द्वितीय पाली में सुबह 10 बजे अवश्य पहुॅच जाये। केन्द्र व्यवस्थापक प्रश्न पत्र को अपनी निगरानी में चेक करें कि कही कोई कमी तो नही है। इसके लिए पूरी प्रक्रिया को सीसीटीवी, वीडियो रिकार्डिंग के माध्यम से खुलवायेगें। स्टैटिक मजिस्ट्रेटों से कहा कि परीक्षा के एक दिन पूर्व 10 फरवरी को अपने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण अवश्य कर लें। उन्होने कहा कि छात्र–छात्राओं को किसी तरह अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाये। परीक्षा सीसीटीवी और वाइस रिकार्डिंग की निगरानी में होगी। सभी जोनल, सेक्टर, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक, सहायक केन्द्र व्यवस्थापक और पुलिस ड्यूटी पर लगे कार्मिक अपनी ड्यूटी को गम्भीरता के साथ पूरी करें। किसी तरह की कोई गलती न करें। परीक्षा केन्द्रों पर यदि किसी प्रकार की गड़बड़ी पायी जायेगी तो सम्बन्धित केन्द्र व्यवस्थापक उत्तरदायी होगें। बैठक में लोक सेवा आयोग उत्तर प्रदेश प्रयागराज के पर्यवेक्षक प्रकाश चन्द्र सिंह ने परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु विस्तृत रूप से जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी राकेश कुमार गुप्ता, जिला विद्यालय निरीक्षक सरदार सिंह,

जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, परियोजना निदेशक डीआरडीए डा0 आर0सी0 शर्मा, कोषाधिकारी विपिन कुमार वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी सहित सौरभ सिंह, दीक्षा मिश्रा, विन्ध्याचल सिंह, मो0 अनीस व अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे।

# वृहद रोजगार मेले में नियोक्ता कम्पनियों द्वारा 154 प्रशिक्षणार्थियों का किया गया चयन

आर0एन0एस0प्रतापगढ़। उ0प्र0 कौशल विकास मिशन, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना, आई0टी0आई0 एवं जनपद के अन्य प्रशिक्षित बेरोजगार युवकध्युवतियों को रोजगारध्स्वरोजगार में नियोजित कराने के उद्देश्य से दीनदयाल उपाध्याय कौशल्य योजना के अन्तर्गत उ0प्र0 कौशल विकास मिशन, राजकीय आईटीआई के संयुक्त तत्वाधान में जिलाधिकारी संजीव रंजन एवं मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा के निर्देशानुसार विकास खण्ड स्तरीय वृहद रोजगार मेला बी0एन0 स्मारक निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पुरवासी बिहार में आयोजित किया गया। वृहद रोजगार मेले का शुभारम्भ जिला पंचायत सदस्य बिहार बबलू सिंह द्वारा किया गया। रोजगार मेला में उ0प्र0 कौशल विकास मिशन एवं दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना, आईटीआई एवं जनपद के लगभग 185 प्रशिक्षणार्थियों ने प्रतिभाग किया तथा 172 प्रशिक्षणार्थियों ने साक्षात्कार दिया तथा नियोक्ता कम्पनी टाटा मोटर्स, कॉसमॉस ग्रुप, मिंडा, गुडविल, ब्राइट फ्यूचर, गुडविल द्वारा लगभग 154 प्रशिक्षणार्थियों को चयनित करते हुये उन्हें रोजगारध्स्वरोजगार के नये अवसर मुहैया कराया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य ने रोजगार मेला में चयनित प्रशिक्षणार्थियों को शुभकामनायें दी और कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की सरकार प्रदेश के विकास व गरीबों के उत्थान और युवाओं को रोजगार देने के लिये संकल्पित है। इस योजना के माध्यम से समाज के अल्प शिक्षित बेरोजगार युवकध्युवतियों को मुख्य धारा से जोड़ने तथा अपनी आजीविका अर्जन हेतु सक्षम बनाये जाने की दृष्टि से विभिन्न ट्रेडों में तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान करते हुये रोजगार उपलब्ध करा रही है तथा रोजगार पाने और आत्मनिर्भर बनने का मौका दे रही है। इस अवसर पर नोडल प्रधानाचार्य आईटीआई बी0बी0 सिंह ने बताया कि योजना के माध्यम से युवाओं को विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण प्रदान करते हुये रोजगार पाने और आत्मनिर्भर बनने का मौका दे रही है। उन्होने कहा कि प्रशिक्षणार्थी धैय, मेहनत व ईमानदारी के साथ काम करते हुये अनुभव प्राप्त करने के बाद नियोक्ता उन्हें परिवार का हिस्सा मानते हुये उन्हें बेहतर लाभ तथा उनके परिवार व बच्चे को शिक्षित माहौल भी उपलब्ध कराता है। संभव है कि शुरू में उसे वहां चुनौतियोंका सामना करना पड़े परन्तु 3–4 माह बाद वो चुनौतियां नगण्य होकर बेहतर जीवन यापन अभ्यर्थी को मिलता है। तत्पश्चात् प्रशिक्षणार्थियों को नियुक्ति पत्र व प्रमाण पत्र का वितरण किया। कार्यक्रम आयोजन में जिला कार्यक्रम प्रबन्धक रवीन्द्र पाण्डेय, प्रधानाचार्य बी0एन0 स्मारक डिग्री कालेज व समस्त स्टाफ तथा प्रशिक्षण प्रदाता व नियोक्ता कम्पनियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# प्रदेश का गौरव बढ़ाने वाले वयोवृद्ध कलाकारों को पेंशन की व्यवस्था की जायेगी

## पंजीकृत कलाकारों के लिए बजट में सामूहिक बीमा योजना का प्राविधान –जयवीर सिंह

लखनऊ(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि जिन कलाकारों ने अपनी प्रतिभा के माध्यम से प्रदेश का गौरव बढ़ाया है उन कलाकारों को माननीय मुख्यमंत्री कलाकार प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत वाद्य यंत्र व परिधान उपलब्ध कराने तथा पंजीकृत कलाकारों को सामूहिक बीमा योजना का लाभ देने के लिए बजट में प्राविधान किया गया है। इसके अलावा प्रदेश का नाम रोशन करने वाले वयोवृद्ध कलाकारों को पेंशन दी जायेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कला की सेवा करने वाले विभूतियों के उत्थान के प्रति संवेदनशील है और ऐसे कलाकारों और कला प्रमियों का सम्मान किया जा रहा है।

जयवीर सिंह आज राज्य ललित कला अकादमी के 63वें स्थापना दिवस के अवसर पर ललित कला अकादमी परिसर में कलाकारों तथा कलाप्रेमियों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने ललित कला अकादमी के छात्र–छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि उनके योगदान से ललित कला अकादमी ने प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि दृष्य कला, चित्रकारी, शिल्पकला आदि विधाओं के प्रोत्साहन के लिए संस्कृति विभाग तथा ललित अकादमी को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। पर्यटन मंत्री ने कहा कि ललित कला अकादमी के माध्यम से युवा कलाकारों को अधिक से अधिक अवसर प्रदान करने पर जोर दिया जा रहा है। इसके साथ ही उनके प्रतिभा का सम्मान किया जा रहा है। विशिष्ट विधाओं के लिए नये सम्मान शुरू किए गए हैं। संस्थान द्वारा पद्मश्री बाबा योगेन्द्र सम्मान की शुरूआत की गई है। इसके तहत 26 जनवरी, 2024 को श्री राज्यपाल जी के कर कमलों द्वारा तीन कलाकारों को यह सम्मान दिया गया, जिसके तहत स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्र एवं 51–51 हजार रुपये की धनराशि प्रदान की गई। जयवीर सिंह ने कहा कि ललित कला संस्थान के विभिन्न कलाकारों ने प्रदेश के महापुरुषों, विभूतियों एवं ऐतिहासिक प्रतीकों को जीवंत रूप देकर उनके गौरवशाली इतिहास को जनमानस तक पहुँचाते हैं। इसलिए उनकी कला के सम्मान के लिए राज्य सरकार हमेशा तत्पर है। इस अवसर पर राज्य ललित कला अकादमी की निदेशक डॉ0 श्रद्धा शुक्ला ने मंत्री जी को स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया। इस मौके पर आयोजित प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को पुरस्कृत करके प्रमाण पत्र भी वितरित किया गया। इस अवसर पर विभाग के उच्चाधिकारी, कलाप्रेमी एवं भारी संख्या में कलाकार उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 29 जोड़ों का सम्पन्न हुआ विवाह

आर0एन0एस0प्रतापगढ़। समाज कल्याण विभाग द्वारा जिले के बाबागंज ब्लाक में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 29 जोड़ो का विवाह संपन्न हुआ। जिसमें दो जोड़ा का इस्लामी परंपरा से निकाह संपन्न हुआ। 27 जोड़ों का हिन्दू रीति रिवाज से विधिवत विवाह संपन्न कराया गया। पंडित जी द्वारा सामूहिक रूप से 27 हिन्दू जोड़ों का वैवाहिक कार्यक्रम, हवन एवं फेरों सहित, सात वचन दिलाते हुए पूर्ण किया गया। परिणय सूत्र में बंधे सभी 27 जोड़ों को समाज कल्याण विभाग द्वारा दंपत्तियों को घरेलू उपहार



प्रदान किया गया। जोड़ों को आशीर्वाद देने हेतु भाजपा नेता पवन गौतम, मंडल अध्यक्ष अमरजीत सिंह, आशुतोष मणि द्विवेदी, ज्ञानेंद्र मौर्य, मनोज पटेल, समाज कल्याण अधिकारी सुनील कुमार, एडियो पंचायत प्रभुनाथ, पंचायत मंत्री धीरेंद्र शुक्ला, संदीप सरोज, सुनील सरोज, संजय जयसवाल, कंप्यूटर ऑपरेटर आशुतोष त्रिपाठी, उदय कुमार एवं अन्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# भारत में पहली बार ताम्रयुगीन सभ्यता के प्राचीन तांबे के हथियार मिले

## शाहजहांपुर के निहोगी क्षेत्र से हथियारों की रेडियोकार्बन तिथियां प्राप्त हुई इंडियन जर्नल ऑफ आर्कियोलश्वजी,

लखनऊ(आरएनएस), बीरबल साहनी इंस्टीट्यूट ऑफ पेलियोसाइंसेज, लखनऊ, शहजाद राय रिसर्च इंस्टीट्यूट, बागपत यूपी, के संयुक्त अध्ययन दल ने सम्पन्न किया यह महत्वपूर्ण शोध । जनपद शाहजहांपुर उत्तर प्रदेश के निगोही क्षेत्र में कृषकों एवं मजदूरों को जमीन में दबे हुये ताम्रयुगीन सभ्यता के प्राचीन तांबे के हथियार मिले। सूचना मिलने पर यह हथियार डॉ. अमित राय जैन (निदेशक, शहजाद राय रिसर्च इंस्टीट्यूट, बागपत यूपी) द्वारा एकत्रित किये गए थे।

इंडियन जर्नल ऑफ आर्कियोलॉजी के मुख्य संपादक विजय कुमार द्वारा मिट्टी के टुकडों और कुछ हथियारों का अध्ययन किया गया। उनके द्वारा ढेलों में दबे हुये हथियारों को बीएसआईपी (बीरबल साहनी इस्टीट्यूट ऑफ पेलियोसाइसेज, लखनऊ) के प्रोफेसर रवि भूषण को भेज दिया गया। उन्होंने इसका अध्ययन किया। निगोही से प्राप्त हथियारों की संख्या 200 से अधिक है, इन ताम्र निधि में तलवारें, भालें, कुल्हाड़ियां, छेनी, मानवाकृतियां, हस्त–रक्षा कवच, चॉपर, चाकू, आरी आदि मिले है। पूर्व में इस प्रकार के हथियार पूरे उत्तर भारत में पाये गये थे किन्तु इनकी सही तिथियां अभी तक प्राप्त नहीं की जा सकी थी। कुछ पुराविदों ने इनकी तिथि के सम्बन्ध में अनुमान लगाये थे। इन हथियारों और इनसे जुड़ी गैरिक मृदभाण्ड सभ्यता की सही तिथि, तत्कालीन जलवायु और अन्य पुरातात्विक पैरीमीटर पता लगाने के लिये इन अवशेषों का गहनता से विश्लेषण और शोध किया गया। रेडियो कार्बन डेट का पता लगाने के लिये उन मिट्टी के देलो का जिसमें हथियार दबे हुये पाये गये थे, उनका अध्ययन करने के लिये एक्सेलरेटेड मॉस स्पैक्ट्रोमीटर का प्रयोग किया गया। इस अध्ययन के उपरान्त इन अवशेषों की कार्बन तिथियां 3610 (कैलिब्रेटेड बीपी) से लेकर 4328 (कैलिब्रेटेड बीपी) तक पायी गयी। यह कालखण्ड मैच्योर हड़प्पा काल से लेकर लेटर हड़प्पा काल तक फैला हुआ है। मिट्टी में पाये हुये ऑर्गेनिक मैटर के माध्यम से तत्कालीन जलवायु का निर्धारण करने के लिये कार्बन आइसोटोप स्टडी और कार्बन नाइट्रोजन अनुपात की स्टडी की गयी। इन अवशेषों की 813 सी रेन्ज 18 से 20 प्रति हजार भाग पायी गयी और कार्बन नाइट्रोजन अनुपात 8 से 15 के बीच में पाया गया। इससे यह परिलक्षित होता है कि जिस स्थान से हथियार पाये गये, वह झील के किनारे था। इसके अतिरिक्त अन्य क्लाइमेटिक पैरामीटर्स का पता लगाने के लिये इन सैम्पल्स का विस्तृत शोध और अध्ययन अभी चल रहा है।

# लोकसभा में उठा चिलबिला स्टेशन ओवरब्रिज का मुद्दा

## सांसद संगम लाल गुप्ता ने ब्रिज को अमेठी रोड तक बढ़ाने, स्वचालित सीढ़ी की मांग उठाई

आर0एन0एस0प्रतापगढ़। सांसद प्रतापगढ़ एवं राष्ट्रीय महामंत्री ओबीसी मोर्चा संगम लाल गुप्ता ने लोकसभा के शून्यकाल में चिलबिला स्टेशन पर ओवरब्रिज बढ़ाने एवं स्वचालित सीढियों के निर्माण का मामला लोकसभा में उठाया। बृहस्पतिवार को संसद के शून्यकाल में बोलते हुए सांसद ने कहा कि प्रतापगढ़ के आर्थिक राजधानी के रूप में अपनी पहचान बनाने वाला चिलबिला बाजार लोगों के आवागमन के प्रमुख स्थल होने के साथ–साथ बाहर के व्यापारियों का भी आवागमन चिलबिला जंक्शन रेलवे स्टेशन पर प्रायः होता रहता है। मगर नव निर्मित फुट ओवर ब्रिज को केवल प्लेटफार्म पर उतार कर छोड़ दिया गया है। आवागमन और जन सुविधाओं के दृष्टिगत उसको बढ़ाकर अमेठी राष्ट्रीय राजमार्ग की तरफ भी किए जाने की आवश्यकता है।

उन्होंने विद्युतीकरण हो जाने के कारण रेलवे फुट ओवरब्रिज की अत्यधिक ऊंचाई होने पर बुजुर्गों को आवागम ने भारी असुविधा के मद्देनजर वहां स्वचालित सीढियों के निर्माण की भी मांग रखी।

खघस बात यह है कि सांसद को यह खामी अभी क्यों नजर आई। जबकि ब्रिज तैयार हुए काफी वक्त बीत चुका है।

# प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत 539 परियोजनाएं पूर्ण करायी गयी

लखनऊ(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश में प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 में माह जनवरी, 2024 तक 335 परियोजनाएं पूर्ण कराई गई हैं। योजनान्तर्गत प्रतिदिन औसतन 01 परियोजना को पूर्ण किए जाने के लक्ष्य से अधिक की पूर्ति विभाग द्वारा की गई है। वित्तीय वर्ष 2022–23 में 204 परियोजनाओं को पूर्ण कराया गया था। इस प्रकार वित्तीय वर्ष 2022–23 व 2023–24 में अद्यतन कुल 539 परियोजनाएं पूर्ण करायी गयी हैं। यह जानकारी आज यहां उत्तर प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण वक्फ एवं हज विभाग मंत्री धर्मपाल सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि अल्पसंख्यक बाहुल्य क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का सृजन करने पर विशेष प्रयास किया जा रहा है ताकि जनता को इनका अधिकाधिक लाभ हो सके।अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ने बताया कि इस वर्ष शिक्षा क्षेत्र की 134, स्वास्थ्य क्षेत्र की 27 तथा पेयजल एवं स्वच्छता क्षेत्र की 118 परियोजनाओं पूर्ण करायी गयी हैं। अल्पसंख्यक बाहुल्य क्षेत्रों में शिक्षण संस्थानों की स्थापना हेतु प्रयास किए जा रहे है। गत डेढ़ वर्ष में 40 राजकीय इण्टर कालेज, 12 राजकीय पालिटेक्निक, 09 आई0टी0आई0, हाई स्कूल 06, कस्तूरबा गांधी विद्यालय 02 तथा 48 प्राइमरीध्अपर प्राइमरी स्कूल पूर्ण कराए गए हैं। इसी प्रकार स्वास्थ्य सुविधाओं के सृजन के उद्देश्य से 03 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, 14 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, 03 स्वास्थ्य उपकेन्द्र तथा 07 आयुष अस्पताल पूर्ण करवाकर क्रियाशील किए गए है। उन्होंने बताया कि अल्पसंख्यक समुदाय में शिक्षा, रोजगार और अन्य मूलभूत सुविधाओं के अन्तर को दूर करने के लिए अल्पसंख्यक कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश निरन्तर प्रयत्नशील है। कार्यक्रम के अंतर्गत अब शिक्षा, स्वास्थ्य और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं के सृजन पर अधिकाधिक बल दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह प्रयास है कि परियोजनाओं को तय समय में पूर्ण करके क्रियाशील बनाया जाय जिससे जन सामान्य को इसका लाभ मिल सके।

# पट्टी विधायक ने विधानसभा में छात्रवृत्ति दिए जाने का उठाया मुद्दा

संवाददाता। आर0एन0एस0प्रतापगढ़। पट्टी से सपा विधायक राम सिंह पटेल ने विधानसभा में प्रदेश के शत प्रतिशत छात्र छात्राओं को छात्रवृत्ति दिए जाने का मुद्दा उठाया। उन्होंने सरकार से प्रदेश में शत प्रतिशत छात्र छात्राओं को छात्रवृत्ति देने के लिए कोई कार्योजना बनाए जाने हेतु सवाल किया। जवाब में विभागीय मंत्री असीम अरुण ने इस संबंध में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। श्री पटेल ने कहा कि मेरे सवाल का जवाब देने में मंत्री जी सदन को गुमराह कर रहे हैं। सही जवाब देने से कतरा रहे हैं। पिछड़े दलित और अल्पसंख्यक छात्र छात्राओं की छात्रवृत्ति के लिए खाते में डाली जाने वाली रकम भी कम की जा रही है। उन्होंने कहा कि अगर सभी छात्र छात्राओं को छात्रवृत्ति की रकम शत प्रतिशत मिलने लगे तो गरीब परिवार के बच्चों को आगे की पढ़ाई में बड़ा सहारा मिल सकता है। प्रदेश सरकार से छात्र छात्राओं के साथ साथ नौजवानों, किसानों, महिलाओं और सभी वर्गों में बड़ी निराशा है।



# चीन के कर्ज के बोझ में दबा मालदीव, आईएमएफ ने चेताया



नवंबर 2023 में चीन समर्थक राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के सत्ता संभालने के बाद से बीजिंग ने मालदीव के लिए अधिक फंडिंग का वादा किया है। मुइज्जू ने पिछले महीने बीजिंग की यात्रा के बाद विकास निधि के लिए षनिःस्वार्थ सहायताष के लिए चीन को धन्यवाद दिया। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने चेतावनी दी है कि मालदीव, जिसने चीन से भारी मात्रा में उधार लिया है, षबाह्य और समग्र ऋण संकट के उच्च जोखिमष में बना हुआ है। इसमें यह भी कहा गया कि षतत्काल नीति समायोजनष की आवश्यकता है। नवंबर 2023 में चीन समर्थक राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के सत्ता संभालने के बाद से बीजिंग ने मालदीव के लिए अधिक फंडिंग का वादा किया है। मुइज्जू ने पिछले महीने बीजिंग की यात्रा के बाद विकास निधि के लिए षनिःस्वार्थ सहायताष के लिए चीन को धन्यवाद दिया। आईएमएफ ने मालदीव के विदेशी ऋण का विवरण नहीं दिया लेकिन कहा कि तत्काल नीति समायोजन की आवश्यकता है। आईएमएफ ने देश की अर्थव्यवस्था की समीक्षा के बाद कहा कि महत्वपूर्ण नीतिगत बदलावों के बिना, कुल राजकोषीय घाटा और सार्वजनिक ऋण ऊंचा रहने का अनुमान है। मालदीव में बाहरी और समग्र ऋण संकट का उच्च जोखिम बना हुआ है। यह द्वीप राष्ट्र, जो अपने सफेद रेत वाले समुद्र तटों के लिए प्रसिद्ध है और जहां की अर्थव्यवस्था में पर्यटन का योगदान लगभग एक तिहाई है, कोविड–19 महामारी से आर्थिक रूप से उबर चुका है। लेकिन जबकि योजनाबद्ध हवाई अड्डे के विस्तार और होटलों में वृद्धि से विकास को बढ़ावा मिलने का अनुमान है। आईएमएफ ने कहा कि परिदृश्य के आसपास अनिश्चितता अधिक बनी हुई है और जोखिम नीचे की ओर झुके हुए हैं।

मुइज्जू के गुरु, पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल्ला यामीन, जिन्होंने 2018 तक पांच साल तक शासन किया, निर्माण परियोजनाओं के लिए बीजिंग से भारी उधार लिया।

# पाकिस्तान में मोदी गारंटी के सहारे वोट पाने की उम्मीद में नवाज–बिलावल–इमरान, कपी–पेस्ट हैं सारे चुनावी वादें

पाकिस्तान में नवाज हो या इमरान सभी ने मोदी की गारंटी दिखाकर वोट बटोरने की कोशिश की है। ये वही वादें हैं जो मोदी ने लोगों के सामने रखे थे। आपको याद होगा जब पीएम मोदी ने पिछले महीने सौर्य ऊर्जा को बढ़ावा देने का ऐलान किया और कुछ ही दिनों बाद बिलावल ने वही वादा पाकिस्तान की जनता के साथ किया है। पाकिस्तान में अगले वजीर–ए–आजम की गद्दी पर चाहे बिलावल बैठे या नवाज शरीफ इस्लामाबाद में गारंटी तो मोदी की ही चल रही है। 8 फरवरी को पाकिस्तान की जनता अपना नया वजीर–ए–आजम चुनने के लिए वोट कर रही है। दावा है कि पूर्व पीएम नवाज शरीफ ही अगले प्रधानमंत्री होंगे। आर्मी चीफ का आशीर्वाद उन्हीं के साथ है। हालांकि दूसरी पार्टियां भी लगातार कोशिशे कर रही हैं। नवाज को मात देने के लिए बिलावल भुट्टो ने तो सीधे–सीधे पीएम मोदी का भाषण ही कॉपी कर लिया। उन्होंने अपनी रैली में कहा कि हमारा पहला वादा है कि हम पाकिस्तान की आवाम के आमदनी में ना केवल इजाफा करेंगे बल्कि इसे दोगुनी करके दिखाएंगे। उन्होंने कहा कि हम पाकिस्तान की आवाम को 300 यूनिट बिजली मुफ्त में सोलर एनर्जी के माध्यम से दिलवाएंगे। हम 30 लाख घर इस मुल्क की आवाम के लिए बनाएंगे। कुल मिलाकर कहे तो पाकिस्तान में नवाज हो या इमरान सभी ने मोदी की गारंटी दिखाकर वोट बटोरने की कोशिश की है। मोदी की नकल करते बिलावल भुट्टो नजर आ रहे हैं तभी उसी तर्ज पर उन्होंने गरीबों के लिए 30 लाख पक्के घर बनवाने की बात कही है। ये वही वादें हैं जो मोदी ने लोगों के सामने रखे थे। आपको याद होगा जब पीएम मोदी ने पिछले महीने सौर्य ऊर्जा को बढ़ावा देने का ऐलान किया और कुछ ही दिनों बाद बिलावल ने वही वादा पाकिस्तान की जनता के साथ किया है। पाकिस्तान में इलेक्शन या आर्मी का सलेक्शन हालांकि सभी यही कहते हैं कि पाकिस्तान में होगा वही जो आर्मी चाहेगी। यानी चाहे बिलावल कितने भी वादे कर लें। नवाज चाहे कितने भी भाषण दें, इमरान की पार्टी चाहे कुछ भी ऐलान करे। होगा वही जो पाकिस्तान की आर्मी चीफ चाहेंगे। आर्मी चीफ जिसे पाकिस्तान में 8 फरवरी को इलेक्शन से ज्यादा सेलेक्शन होने की आशंका है। शायद इसी नियम को बदलने के लिए पाकिस्तान की पार्टियां भारत से नजदीकियां बढ़ाना चाहती है। नवाज शरीफ जब से पाकिस्तान से लौटे हैं वो खुद को भारत के करीब दिखाने की कोशिश कर रहे हैं। उनका एक भाषण भी सामने आया था जब उन्होंने कहा था कि सारे काम हमने खुद खराब किए हैं। अपने मुल्क को खुद आज इस स्थित में लेकर आए हैं। किसी और का कसूर नहीं है। हिंदुस्तान ने हमारे खिलाफ नहीं किया, ये कोई अमेरिका ने हमारे खिलाफ नहीं किया। ये हमने खुद किया है।

# पाकिस्तान में मोदी गारंटी के सहारे वोट पाने की उम्मीद में नवाज–बिलावल–इमरान, कापी–पेस्ट हैं सारे चुनावी वादें




पाकिस्तान में नवाज हो या इमरान सभी ने मोदी की गारंटी दिखाकर वोट बटोरने की कोशिश की है। ये वही वादें हैं जो मोदी ने लोगों के सामने रखे थे। आपको याद होगा जब पीएम मोदी ने पिछले महीने सौर्य ऊर्जा को बढ़ावा देने का ऐलान किया और कुछ ही दिनों बाद बिलावल ने वही वादा पाकिस्तान की जनता के साथ किया है। पाकिस्तान में अगले वजीर–ए–आजम की गद्दी पर चाहे बिलावल बैठे या नवाज शरीफ इस्लामाबाद में गारंटी तो मोदी की ही चल रही है। 8 फरवरी को पाकिस्तान की जनता अपना नया वजीर–ए–आजम चुनने के लिए वोट कर रही है। दावा है कि पूर्व पीएम नवाज शरीफ ही अगले प्रधानमंत्री होंगे। आर्मी चीफ का आशीर्वाद उन्हीं के साथ है। हालांकि दूसरी पार्टियां भी लगातार कोशिशे कर रही हैं। नवाज को मात देने के लिए बिलावल भुट्टो ने तो सीधे–सीधे पीएम मोदी का भाषण ही कॉपी कर लिया। उन्होंने अपनी रैली में कहा कि हमारा पहला वादा है कि हम पाकिस्तान की आवाम के आमदनी में ना केवल इजाफा करेंगे बल्कि इसे दोगुनी करके दिखाएंगे। उन्होंने कहा कि हम पाकिस्तान की आवाम को 300 यूनिट बिजली मुफ्त में सोलर एनर्जी के माध्यम से दिलवाएंगे। हम 30 लाख घर इस मुल्क की आवाम के लिए बनाएंगे। कुल मिलाकर कहे तो पाकिस्तान में नवाज हो या इमरान सभी ने मोदी की गारंटी दिखाकर वोट बटोरने की कोशिश की है। पाकिस्तान में मोदी गारंटी चल रही है मोदी की नकल करते बिलावल भुट्टो नजर आ रहे हैं तभी उसी तर्ज पर उन्होंने गरीबों के लिए 30 लाख पक्के घर बनवाने की बात कही है। महिलाओं को सशक्त बनाना पीएम मोदी का लक्ष्य है और बिलावल भुट्टो के साथ इमरान खान व नवाज शरीफ ने भी इसे अपने घोषणापत्र में शामिल कर लिया। गरीबों को घर देने की बात मोदी ने की थी और आज पाकिस्तान में नवाज और बिलावल की पार्टी ने ऐसा ही दावा किया है। पीएम मोदी ने सबके लिए शिक्षा की बात की थी, इसी तरह इमरान खान और नवाज शरीफ ने भी पाकिस्तान में सबको शिक्षा देने का ऐलान किया। ये वही वादें हैं जो मोदी ने लोगों के सामने रखे थे। आपको याद होगा जब पीएम मोदी ने पिछले महीने सौर्य ऊर्जा को बढ़ावा देने का ऐलान किया और कुछ ही दिनों बाद बिलावल ने वही वादा पाकिस्तान की जनता के साथ किया है। पाकिस्तान में इलेक्शन या आर्मी का सलेक्शन हालांकि सभी यही कहते हैं कि पाकिस्तान में होगा वही जो आर्मी चाहेगी। यानी चाहे बिलावल कितने भी वादे कर लें। नवाज चाहे कितने भी भाषण दें, इमरान की पार्टी चाहे कुछ भी ऐलान करे। होगा वही जो पाकिस्तान की आर्मी चीफ चाहेंगे। आर्मी चीफ जिसे पाकिस्तान में 8 फरवरी को इलेक्शन से ज्यादा सेलेक्शन होने की आशंका है। शायद इसी नियम को बदलने के लिए पाकिस्तान की पार्टियां भारत से नजदीकियां बढ़ाना चाहती है। नवाज शरीफ जब से पाकिस्तान से लौटे हैं वो खुद को भारत के करीब दिखाने की कोशिश कर रहे हैं। उनका एक भाषण भी सामने आया था जब उन्होंने कहा था कि सारे काम हमने खुद खराब किए हैं। अपने मुल्क को खुद आज इस स्थित में लेकर आए हैं। किसी और का कसूर नहीं है। हिंदुस्तान ने हमारे खिलाफ नहीं किया, ये कोई अमेरिका ने हमारे खिलाफ नहीं किया। ये हमने खुद किया है।

# पाकिस्तान में आज चुनी जाएगी नई सरकार.... शुरू हुई वोटिंग, सुरक्षा की लिए मोबाइल सर्विस निलंबित

पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान वर्तमान में जेल में है। इमरान खान की पार्टी के कार्यकर्ता इस बार निर्दलीय होकर ही चुनाव लड़ रहे है। पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ पार्टी के चुनाव चिन्ह क्रिकेट बल्ला को निर्वाचन आयोग वंचित कर चुका है। पाकिस्तान की नेशनल असेंबली की 336 सीटों और चार प्रांतीय विधानसभा के लिए वोटिंग शुरू हो गई है। कमजोर आर्थिक स्थिति का सामना कर रही पाकिस्तान में हो रहे यह चुनाव बेहद अहम है। इन चुनाव में जीत हासिल करने के बाद पाकिस्तान को नया प्रधानमंत्री मिलेगा। बता दें कि इस वर्ष 12 करोड़ से अधिक की जनता मतदान करेगी और नया प्रधानमंत्री चुनेगी। एहतियात के तौर पर मोबाइल इंटरनेट सर्विस भी निलंबित की गई है। प्रधानमंत्री की रेस में सबसे आगे है नवाज शरीफ पाकिस्तान में हो रहे आम चुनाव के लिए आज मतदान होना है। पाकिस्तान में प्रधानमंत्री की दौड़ में सबसे आगे पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ है। नवाज शरीफ को ही सेना का समर्थन भी मिल रहा है। आम चुनाव की पूर्व संध्या पर ही पाकिस्तान में कई हिंसा की घटनाएं भी हुई है। बलूचिस्तान प्रांत में चुनाव कार्यालयों को भी निशाना बनाया गया। यहां दो बम विस्फोट भी हुए है। गौरतलब है कि पाकिस्तान में आम चुनाव उस समय हो रहे हैं जब पाकिस्तान आर्थिक संकट से जूझ रहा है। पूरे देश की जनता पर आर्थिक संकट मंडरा रहा है। आम जनता को उम्मीद है कि चुनाव के बाद देश की स्थिति में सुधार होने की संभावना है। इस चुनावों पर पूरे पाकिस्तान की जनता की नजरें हैं, ताकि आने वाले समय में आर्थिक संकट से देश बाहर निकल सके। इमरान भी चुनाव मैदान में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान वर्तमान में जेल में है। इमरान खान की पार्टी के कार्यकर्ता इस बार निर्दलीय होकर ही चुनाव लड़ रहे है। पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ पार्टी के चुनाव चिन्ह क्रिकेट बल्ला को निर्वाचन आयोग वंचित कर चुका है और इस फैसले को ही सुप्रीम कोर्ट ने भी बरकरार रखा है।




# 3 संविधान, सत्ता पर सैन्य ग्रहण, पहला आम चुनाव कराने में लगे 23 साल, लोकतंत्र की भयावह प्रयोगशाला बने पाकिस्तान का चुनावी इतिहास



लगभग 77 साल पहले आजादी के बाद से यह देश का 12वां आम चुनाव है। पाकिस्तान का राजनीतिक इतिहास उथल–पुथल से भरा है। इसमें तीन संविधान, तीन सैन्य तख्तापलट हुए हैं, और इसके 30 प्रधानमंत्रियों में से किसी ने भी पूरे पांच साल का कार्यकाल पूरा नहीं किया है। चार बरस तक निर्वासन में रहने के बाद अपने मुल्क लौटे तो मियां मोहम्मद नवाज शरीफ का अंदाज कुछ इस तरह का नजर आया। कोर्ट से परमीशन लेकर नवबंर 2019 में वो इलाज कराने के वास्ते विदेश गए। बताया था कि जल्द ही ठीक होते लौट आऊंगा। लेकिन ये जल्द चार बरस बाद आया। जब नवाज शरीफ को जेल हुई थी तो इमरान खान पाकिस्तान के प्रधानमंत्री हुआ करते थे। बाद में सेना की तरफ से बेगाने कर दिए गए और अब जेल में हैं। कमोबेश नवाज शरीफ के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ था। लेकिन इन बरस के भीतर उन्होंने अंदर ही अंदर फौज का वरहदस्त दोबारा हासिल कर लिया। वो चौथी दफा प्रधानमंत्री बनने की दावेदारी कर रहे हैं। अंदरखाने खबर है कि फौज ने ओके कर दिया है। उनकी जीत तय है। वो पाकिस्तान में फौज का मोहरा बनकर रह जाएंगे या कुछ नया करके दिखाएंगे। ये जब होगा तब होगा। आज हम बात पाकिस्तान में चल रहे चुनाव की करेंगे। पाकिस्तान में 8 फरवरी के दिन संसदीय चुनाव हो रहे हैं। 44 राजनीतिक दल 266 सीटों में से हिस्सा पाने के लिए प्रतिस्पर्धा करते नजर आ रहे हैं। लगभग 77 साल पहले आजादी के बाद से यह देश का 12वां आम चुनाव है। पाकिस्तान का राजनीतिक इतिहास उथल–पुथल से भरा है। इसमें तीन संविधान, तीन सैन्य तख्तापलट हुए हैं, और इसके 30 प्रधानमंत्रियों में से किसी ने भी पूरे पांच साल का कार्यकाल पूरा नहीं किया है। 23 मार्च 1940 को अखिल भारतीय मुस्लिम लीग ने लाहौर प्रस्ताव को अपनाया, जिसमें मुसलमानों के लिए एक अलग राष्ट्र की मांग की गई थी। इस प्रकार स्वतंत्र पाकिस्तान में इस दिन को पाकिस्तान दिवस के रूप में मनाया जाता है। 1956 में इस देश ने इसी दिन आधिकारिक तौर पर अपना पहला संविधान अपनाया, जिसने पाकिस्तान के डोमिनियन को इस्लामी गणराज्य पाकिस्तान में बदल दिया। सिकंदर मिर्जा को तुरंत उनके कमांडर–इन–चीफ, जनरल मुहम्मद अयूब खान द्वारा राष्ट्रपति के रूप में बदल दिया गया। उनके अधीन, पाकिस्तान को 1962 में अपना दूसरा संविधान मिला। 1973 में पाकिस्तान को वह संविधान मिला जो वर्तमान में भी मौजूद है। इस संविधान की तीन प्रमुख विशेषताएं एक संसदीय लोकतंत्र हैं, जहां सत्ता एक निर्वाचित प्रधान मंत्री और उनके मंत्रियों के पास रहेगा। संघीय संरचना और मौलिक अधिकारों का विस्तार किया गया। बांग्लादेश, भुट्टो, और मार्शल लॉ पर वापस 1970 के राष्ट्रीय चुनावों ने देश में बढ़ते क्षेत्रवाद और सामाजिक संघर्ष को उजागर किया। जुल्फिकार अली भुट्टो के नेतृत्व वाली पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी बलूचिस्तान और उत्तर–पश्चिम सीमांत प्रांत में हार के बावजूद 81 सीटें जीतकर पश्चिमी पाकिस्तान में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। बाद के दो क्षेत्रों में इस्लामिक पार्टियों ने जीत दर्ज की. पूर्वी पाकिस्तान में, मुजीबुर रहमान के नेतृत्व वाली अवामी लीग, जिसने प्रांतीय स्वायत्तता के छह सूत्री कार्यक्रम के लिए अभियान चलाया था, ने प्रांत की 162 में से 160 सीटें जीतीं। अवामी लीग की सरकार की संभावना पश्चिमी पाकिस्तान के राजनेताओं के लिए खतरा थी, जिन्होंने सैन्य नेतृत्व के साथ साजिश करके मुजीबुर को सत्ता की बागडोर संभालने से रोका था। यह पूर्वी विंग के लिए अंतिम तिनका था जो पहले से ही सरकार के सभी क्षेत्रों में अपने कम प्रतिनिधित्व, आर्थिक अभाव और फिर लोकतांत्रिक प्रक्रिया के दमन से तंग आ चुका था। मार्च 1971 में पूर्वी पाकिस्तान में विद्रोह हुआ, जिसके परिणामस्वरूप भारत के साथ एक और युद्ध हुआ और बांग्लादेश की स्थापना हुई। अगला आम चुनाव 1985 में हुआ, लेकिन किसी भी राजनीतिक दल को भाग लेने की अनुमति नहीं दी गई। प्रत्येक उम्मीदवार ने अपने व्यक्तिगत नाम पर चुनाव लड़ा। जिया ने सोचा कि इससे उन्हें एक लोकप्रिय समर्थन आधार बनाने में मदद मिलेगी और प्रतिनिधियों पर राजनीतिक दलों के प्रभाव के बिना संसद को नियंत्रित करना आसान होगा। प्रतिबंधों के बावजूद, चुनाव दो मुख्य कारणों से पाकिस्तान के लिए परिणामी साबित हुए। एक, चुनाव परिणामों के बाद निर्वाचित संसद को राजनीतिक दल बनाने की अनुमति दी गई, जिसने दो–दलीय संसदीय प्रणाली को जन्म दिया। डॉ. हसन–अस्करी रिजवी और इजाज शफी गिलानी के शोध पत्र और पाकिस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ लेजिस्लेटिव डेवलपमेंट एंड ट्रांसपेरेंसी (पीआईएलडीएटी) द्वारा प्रकाशित श्द फर्स्ट 10 जनरल इलेक्शन ऑफ पाकिस्तानश के अनुसार, इस प्रक्रिया ने एक मुस्लिम लीग को जन्म दिया जिसने बाद में राजनीति में एक प्रमुख खिलाड़ी बन गए। तानाशाही की वापसी हालाँकि सेना ने सबसे लंबे समय तक चुनावों में नवाज शरीफ का समर्थन किया, लेकिन जब वह एक जन नेता बनने लगे तो उनके रिश्ते में दरार आ गई। रिपोर्ट के अनुसार, प्रधान मंत्री के रूप में नवाज ने एक लोकप्रिय एजेंडा और एक लोकलुभावन छवि को सामने रखा, और आर्थिक विकास प्रदान करने वाले दूरदर्शी व्यक्ति के रूप में अपनी छवि को बढ़ावा देनेष के लिए टेलीविजन का उपयोग किया। इसीलिए 1993 के चुनावों में सेना ने बेनजीर को शीर्ष पद दिलाने में मदद की। लेकिन चार साल बाद हुए अगले चुनाव में वे नवाज को रोकने में असफल रहे, क्योंकि उनकी पार्टी पीएमएल–एन को 46: वोट और कुल सीटों में से 136 सीटें मिलीं – पीपीपी को सिर्फ 18 सीटें मिलीं। 1997 के चुनावी नतीजे ने सैन्य निरीक्षण के टूल–बॉक्स में सबसे शक्तिशाली उपकरण को अक्षम कर दिया। यदि दो प्रमुख खिलाड़ी आमने–सामने थे, तो एहसान के छोटे–मोटे कार्य या उसका खंडन संतुलन को किसी भी दिशा में झुका सकते थे। लेकिन अगर दोनों के बीच का अंतर बड़े पैमाने पर किसी के पक्ष में था, तो यह तरीका प्रभावी नहीं था। 1999 में एक बार फिर तख्तापलट कर दिया। इस बार जनरल परवेज मुशर्रफ ने सत्ता पर कब्जा कर लिया। सेना प्रमुख के रूप में मुशर्रफ ने भारत के खिलाफ 1999 के कारगिल युद्ध की योजना बनाई और उसे क्रियान्वित किया। लोकतंत्र पर एक और प्रहार देश में सेना के दमन की आलोचना करने के लिए सुप्रीम कोर्ट और विशेष रूप से मुख्य न्यायाधीश इफ्तिखार चौधरी के साथ टकराव के बाद 2008 में मुशर्रफ को पद छोड़ना पड़ा। क्रिस्टोफ जाफरलॉट की श्द पाकिस्तान पैराडॉक्सरू इंस्टैबिलिटी एंड रेजिलिएंसश के अनुसार, राष्ट्रपति ने मुख्य न्यायाधीश को हटाने की कोशिश की, जिन्होंने पूरे पाकिस्तान में विरोध किया और समर्थन जुटाया। 3 नवंबर 2007 को मुशर्रफ ने आपातकाल की घोषणा की लेकिन अन्य देशों के विरोध और दबाव के कारण उन्हें आम चुनाव की घोषणा करनी पड़ी। हालाँकि, चुनावों में देरी हुई क्योंकि 27 दिसंबर, 2007 को बेनजीर की हत्या कर दी गई थी – मुशर्रफ पर उनकी हत्या कराने का आरोप लगाया गया था और बाद में उन्हें उनकी हत्या के लिए मुकदमे का सामना करना पड़ा। 2008 के आम चुनावों में पीपीपी को सबसे अधिक सीटें मिलीं और उसके बाद मुशर्रफ की पीएमएल–क्यू थी। पीपीपी ने पीएमएल–एन के साथ गठबंधन में सरकार बनाई। जहां पीपीपी के यूसुफ रजा गिलानी प्रधान मंत्री बने, वहीं बेनजीर के पति आसिफ अली जरदारी को राष्ट्रपति चुना गया। 2017 में नवाज शरीफ को सत्ता से बेदखल किया गया पाकिस्तानी राजनीति में सेना का हस्तक्षेप फिर से सुर्खियों में आया जब 2017 में नवाज शरीफ को सत्ता से बेदखल कर दिया गया। सुप्रीम कोर्ट ने पनामा पेपर्स मामले में उन्हें जीवन भर के लिए सार्वजनिक पद संभालने से बर्खास्त कर दिया। नवाज ने आरोप लगाया कि सेना ने श्न्यायिक तख्तापलटश के जरिए उनसे छुटकारा पा लिया है। पीएमएल–एन प्रमुख की विदेश और सुरक्षा नीति को चुनौती देने के कारण सेना से मतभेद हो गए। 2018 के चुनावों से पहले, पाकिस्तान की सेना ने पीएमएल–एन के वोट छीनने के लिए नई पार्टियों को खड़ा किया। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इसने पीटीआई के इमरान का समर्थन किया, जिन्हें व्यापक रूप से ष्लाडलाष कहा जाता था। ज

# आधी रात से ही पाकिस्तान में बमबारी शुरू, सड़कों पर उतरी फौज, चुनाव के दिन ये क्या हो रहा है?

आम चुनाव की पूर्व संध्या पर पाकिस्तानी प्रांत बलूचिस्तान में उम्मीदवारों के कार्यालयों के पास दो बम विस्फोटों में कम से कम 28 लोग मारे गए और दर्जनों घायल हो गए। इससे पहले पाकिस्तान के डेरा इस्माइल खान के चोडवान पुलिस स्टेशन भी हमले में 10 पुलिसवाले की मौत हो गई थी। पाकिस्तान में बहुप्रतीक्षित आम चुनाव 8 फरवरी को चल रहा है। गले पांच वर्षों के लिए संकटग्रस्त देश को राहत देने वाली नई सरकार के गठन का रास्ता आज रात तक साफ होने की उम्मीद है। लेकिन पाकिस्तान का रंक्त रंजित चुनाव का पुराना इतिहास रहा है। आम चुनाव की पूर्व संध्या पर पाकिस्तानी प्रांत बलूचिस्तान में उम्मीदवारों के कार्यालयों के पास दो बम विस्फोटों में कम से कम 28 लोग मारे गए और दर्जनों घायल हो गए। इससे पहले पाकिस्तान के डेरा इस्माइल खान के चोडवान पुलिस स्टेशन भी हमले में 10 पुलिसवाले की मौत हो गई थी। मोबाइल फोन सेवाएं श्तत्कालश बहाल की जानी चाहिए पीपीपी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो–जरदारी ने कहा है कि देश में मोबाइल फोन सेवाएं तुरंत बहाल की जानी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि उन्होंने पार्टी से इस संबंध में पाकिस्तान चुनाव आयोग और अदालतों से संपर्क करने को कहा है। मतदान शुरू होने से कुछ समय पहले, सुरक्षा मुद्दों पर आंतरिक मंत्रालय के निर्देशों पर मोबाइल फोन सिग्नल अस्थायी रूप से बंद कर दिए गए, जिससे राजनेताओं और पत्रकारों ने आलोचना की। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि आतंकवादी गतिविधियों में हाल की वृद्धि के परिणामस्वरूप बहुमूल्य जिंदगियों के कारण देश में सुरक्षा माहौल में हड़कंप मच गया है। सुरक्षा खतरों से बचाव के लिए उपाय करने की आवश्यकता पैदा हो गई है। टप्पी में 3 पोलिंग एजेंटों पर हमला एनए–40 सीट से सांसद माहसिन डाबर ने कहा कि टप्पी में हमारी तीन महिला पोलिंग एजेंटों पर तालिबान ने हमला किया है। वे इस धमाके में



बाल–बाल बच गए हैं. मैंने टप्पी में मतदान केंद्र बदलने के लिए डीआरओ को पत्र लिखा था लेकिन मेरे पत्र को नजरअंदाज कर दिया गया। ईसीपी को टप्पी में सुरक्षा स्थिति पर तत्काल ध्यान देना होगा। पीटीआई के रऊफ हसन का कहना है कि इंटरनेट बंद होने से पार्टी कार्यकर्ताओं के जमीनी प्रयासों में बाधा आएगी पीटीआई के सूचना सचिव रऊफ हसन ने एएफपी को बताया कि इंटरनेट बंद होने से लोगों को मतदान केंद्रों तक लाने के लिए हमारे कार्यकर्ता जमीन पर जो काम कर रहे हैं उसमें बाधा आएगी। उन्होंने कहा कि हमें जो भौतिक स्थान दिया गया था, उसे पूरी तरह से खत्म कर दिया गया है,।

# 4 बिलियन डालर के ड्रोन डील को मंजूरी, अमेरिका ने रक्षा सौदे को बताया ऐतिहासिक

विदेश विभाग के उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि लगभग 4 अरब अमेरिकी डॉलर की अनुमानित लागत पर भारत को 31 सशस्त्र ड्रोन की बिक्री से समुद्री सुरक्षा और डोमेन जागरूकता क्षमता को बढ़ावा मिलेगा और देश को अप्रतिबंधित स्वामित्व मिलेगा। अमेरिका ने 4 अरब डॉलर के ड्रोन सौदे को मंजूरी दे दी है और भारत को 31 एमक्यू–9ए सी गार्डियन और स्काई गार्डियन ड्रोन की डिलीवरी के लिए हरी झंडी दे दी है। ऐसा तब हुआ है जब पिछले साल दिसंबर में अमेरिकी सीनेट समिति ने भारत से जुड़ी एक कथित हत्या की साजिश की जांच के लिए समय की मांग करते हुए सब कुछ रोक दिया था। विदेश विभाग के उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि लगभग 4 अरब अमेरिकी डॉलर की अनुमानित लागत पर भारत को 31 सशस्त्र ड्रोन की बिक्री से समुद्री सुरक्षा और डोमेन जागरूकता क्षमता को बढ़ावा मिलेगा और देश को अप्रतिबंधित स्वामित्व मिलेगा। पिछले हफ्ते संयुक्त राज्य अमेरिका ने लगभग 4 बिलियन अमेरिकी डॉलर की अनुमानित लागत पर भारत को एमक्यू–9बी सशस्त्र ड्रोन की बिक्री को मंजूरी दी थी। इस सौदे को ऑपरेशन के समुद्री मार्गों में मानवरहित निगरानी और टोही गश्ती को सशक्त बनाकर विभिन्न खतरों से निपटने और उन पर काबू पाने की भारत की क्षमता के लिए एक बड़ा झटका माना जाता है।

# टेस्ट सीरीज में विराट कोहली की वापसी पर बीसीसीआई ने दिया अपडेट, जानें क्या कहा ?

भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरा टेस्ट मुकाबला 15 फरवरी से राजकोट में खेला जाएगा। गुरुवार को बीसीसीआई ऑफिशियल और सिलेक्टर्स के बीच मीटिंग होनी है, जिसके बाद अगले तीन टेस्ट मैचों के लिए भारतीय स्क्वॉड का ऐलान किया जाएगा। बीसीसीआई के अधिकारी ने इंडियन एक्सप्रेस से बातचीत करते हुए कहा कि कोहली ने अभी तक कोई जानकारी नहीं दी है।

इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम तीन टेस्ट मैचों में विराट कोहली की वापसी को लेकर फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हालांकि, अभी तीनों टेस्ट के लिए भारतीय स्क्वॉड का ऐलान होना बाकी है। लेकिन कोहली की वापसी को लेकर सस्पेंस बरकरार है। वहीं अब भारतीय क्रिकेट बोर्ड ऑफ इंडिया यानी बीसीसीआई ने इस पर बड़ा अपडेट दिया है।



बता दें कि, भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरा टेस्ट मुकाबला 15 फरवरी से राजकोट में खेला जाएगा। गुरुवार को बीसीसीआई ऑफिशियल और सिलेक्टर्स के बीच मीटिंग होनी है, जिसके बाद अगले तीन टेस्ट मैचों के लिए भारतीय स्क्वॉड का ऐलान किया जाएगा। बीसीसीआई के अधिकारी ने इंडियन एक्सप्रेस से बातचीत करते हुए कहा कि कोहली ने अभी तक कोई जानकारी नहीं दी है। विराट की बात ना अभी तक टीम मैनेजमेंट से हुई है और ना ही सिलेक्टर्स से कोई बात हुई है। अधिकारी ने साथ ही कहा कि लेकिन एक बात तय है कि जैसे ही विराट कोहली सिलेक्शन के लिए खुद को उपलब्ध बताएंगे, वैसे ही उनकी स्क्वॉड में एंट्री हो जाएगी। विराट कोहली ने पहले दो टेस्ट मैच नहीं खेले। विराट दूसरी बार पिता बनने वाले हैं और माना जा रहा है कि वह परिवार के साथ समय बिताने के लिए उन्होंने क्रिकेट से ब्रेक लिया है। सीरीज में अभी दोनों टीमें 1–1 से बराबर है।

# मोहम्मद शमी ने पूर्व पाक क्रिकेटर को लताड़ा, वर्ल्ड कप के दौरान भारतीय पेसर पर किया था कमेंट

शमी ने वनडे वर्ल्ड कप 2023 के दौरान हसन रजा द्वारा किए गए कमेंट पर पलटवार किया है। बता दें कि, वर्ल्ड कप के दौरान शमी और सिराज की गेंदबाजी को लेकर रजा ने कहा था कि, आईसीसी या ठब्ब् भारतीय गेंदबाजों को खास तरह की गेंद उपलब्ध करा रहे थे। भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी अपनी बेहतरीन गेंदबाजी के लिए जाने जाते हैं। वहीं इन दिनों शमी पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर हसन रजा को लताड़ते हुए नजर आए हैं। दरअसल, उन्होंने वनडे वर्ल्ड कप 2023 के दौरान हसन रजा द्वारा किए गए कमेंट पर पलटवार किया है। बता दें कि, वर्ल्ड कप के दौरान शमी और सिराज की गेंदबाजी को लेकर रजा ने कहा था कि, आईसीसी या ठब्ब् भारतीय गेंदबाजों को खास तरह की गेंद उपलब्ध करा रहे थे। बता दें कि, पिछले साल वनडे वर्ल्ड कप का आयोजन भारत में हुआ था। इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम का बेहतरीन प्रदर्शन रहा, साथ ही टीम के गेंदबाजों ने दुनिया को अपनी गेंदबाजी से प्रभावित किया। जिस पर पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर हसन रजा ने एक टीवी शो में कहा था कि, आईसीसी या बीसीसीआई भारतीय गेंदबाजों को खास तरह की गेंद उपलब्ध करा रहा था, जिससे भारतीय पेसर्स को बल्लेबाजी के मुफीद विकेट पर भी दूसरे देशों के गेंदबाजों की तुलना में ज्यादा स्विंग मिल रही थी। हसन रजा ने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में भारत और श्रीलंका के बीच खेले गए मैच के बाद कहा था कि, ऐसा लगता है कि गेंद दूसरी पारी में बदल जाती है। मुझे लगता है कि आईसीसी, अंपायर या बीसीसीआई भारतीय तेज गेंदबाजों को अलग गेंद दे रहे हैं। पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने 350 रन बनाए और लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम की तो हालत खराब हो गई और वो पूरी तरह पिछड़ गई। जिस तरह शमी ने अपनी पहली गेंद फेंकी। यहां तक



कि एंजेलो मैथ्यूज भी हैरान रह गए थे। जब हम खेल रहे थे, तो केवल एक गेंद का इस्तेमाल होता था और स्विंग के साथ–साथ रिवर्स स्विंग भी होती थी। जिस मुकाबले की बात रजा कर रहे थे उसमें भारत ने 8 विकेट के नुकसान पर 357 रन बनाए थे। जबकि विपक्षी टीम श्रीलंका 55 रन पर ही ढेर हो गई थी। भारत ने 302 रन से मैच अपने नाम किया था। रजा के इस बयान पर शमी ने कहा कि, लगता है कि पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर को भारतीय गेंदबाजों के प्रदर्शन से जलन हो रही थी।

शमी ने एक न्यूज चौनल से बात करते हुए कहा कि, असल में उन्होंने क्रिकेट को मजाक बना दिया क्योंकि हम एक–दूसरे की कामयाबी का आनंद नहीं लेते हैं। जब आपकी तारीफ होती है तो आप खुश हो जाते हैं, लेकिन जब आप हारते हैं तो आपको लगता है कि आपके साथ चीटिंग हो गई है। रजा जिस समय की बात कर रहे हैं उस समय के रिकॉर्ड पर अगर नजर डालें तो हम तब भी टीम का हिस्सा रहे हैं और आप उन्हें आसपास भी नहीं पाएंगे। जलन पूरी तरह दिखती है। इतना जलने से कौन से नतीजे मिलने वाले हैं।

# वेर्नोन फिलैंडर ने की भविष्यवाणी, कहा–टी 20 वर्डकप 2024 में जसप्रीत बुमराह मचाएंगे तूफान

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व मध्यम तेज गेंदबाज वेर्नोन फिलैंडर जसप्रीत बुमराह की गेंदबाजी से बेहद प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि, बुमराह इस समय बेहतरीन गेंदबाज हैं। उनके पास जबर्दस्त कौशल है और उन्होंने सटीक गेंदबाजी का हुनर सीख लिया है जिससे टेस्ट क्रिकेट में इतनी सफलता मिल रही है। पहले वह हर समय विकेट लेने वाली गेंद फेंकना चाहते थे जिससे महंगे साबित होते थे लेकिन अब उनके प्रदर्शन में निरंतरता है। क्रिकेट के सभी प्रारूपों में जसप्रीत बुमराह के हालिया प्रदर्शन से प्रभावित दक्षिण अफ्रीका के पूर्व मध्यम तेज गेंदबाज वेर्नोन फिलैंडर ने कहा है कि वह इस साल होने वाले टी विश्व कप में भारत की सफलता की कुंजी रहने के साथ सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज भी साबित होंगे। इंग्लैंड के खिलाफ विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट में नौ विकेट लेकर भारत को 91 रन से जीत दिलाकर श्रृंखला में 1–1 से वापसी कराने वाले बुमराह आईसीसी टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज बन गए हैं। इससे पहले कपिल देव दिसंबर 1979 से फरवरी 1980 के बीच दूसरे नंबर पर पहुंचे थे। वहीं फिलैंडर ने एक विशेष इंटरव्यू में कहा कि, बुमराह इस समय बेहतरीन गेंदबाज हैं। उनके पास जबर्दस्त कौशल है और उन्होंने सटीक गेंदबाजी का हुनर सीख लिया है जिससे टेस्ट क्रिकेट में इतनी सफलता मिल रही है। पहले वह हर समय विकेट लेने वाली गेंद फेंकना चाहते थे जिससे महंगे साबित होते थे







लेकिन अब उनके प्रदर्शन में निरंतरता है। उन्होंने आगे कहा कि, वह ऐसे गेंदबाज हैं जिन्हें टी20 क्रिकेट में भी कभी कमतर नहीं आंका जा सकता। वह नई गेंद से स्विंग कराते हैं और बल्लेबाज को आगे बढ़कर खेलने के लिये मजबूर करते हैं। उनके यॉर्कर काफी धारदार होते हैं और टी20 क्रिकेट में यही तो चाहिये। मुझे लगता है कि वह टी20 विश्व कप में सबसे कामयाब तेज गेंदबाज होंगे। बता दें कि, टी20 विश्व कप जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेला जायेगा। पूर्व दक्षिण अफ्रीका खिलाड़ी ने मोहम्मद शमी की भी तारीफ करते हुए कहा कि वह गेंद को बखूबी स्विंग कराते हैं। दक्षिण अफ्रीका के लिये 64 टेस्ट में 224 विकेट लेने वाले इस गेंदबाज ने कहा ,'' भारत के मौजूदा तेज गेंदबाजों से मैं काफी प्रभावित हूं। बुमराह के अलावा मोहम्मद शमी भी हैं जो सीम का बूबी इस्तेमाल करते हैं। दक्षिण अफ्रीका में गेंदबाजी करना आसान नहीं होता लेकिन भारत की सपाट पिचों पर गेंदबाजी करने के बाद उन्होंने जिस तरह यहां गेंदबाजी की, वह काबिले तारीफ है।'' फिलैंडर ने कहा कि विदेशी सरजमीं पर उम्दा प्रदर्शन करने वाले तेज गेंदबाजों का टीम में होना भारतीय क्रिकेट के लिये अच्छा संकेत है। उन्होंने कहा ,''जब भी भारतीय टीम यहां आती है तो पिछली बार से बेहतर प्रदर्शन करती है। उपमहाद्वीप में स्पिनरों ने भारत को मैच जिताये हैं लेकिन अब उसके पास मैच जिताने वाले तेज गेंदबाज भी हैं। भारत को आस्ट्रेलिया में जीतते देखकर अच्छा लगा जिसका श्रेय विराट कोहली को भी जाता है जब उनकी कप्तानी में गेंदबाजों के प्रदर्शन में निखार देखने को मिला था।'' वह 2019 में आस्ट्रेलिया में खेली गई श्रृंखला का जिक्र कर रहे थे जब विराट कोहली की कप्तानी में पहली बार भारत ने आस्ट्रेलिया को उसकी सरजमीं पर टेस्ट श्रृंखला में हराया था। भारत के खिलाफ पांच घरेलू टेस्ट (2013 और 2018) में 25 विकेट लेने वाले फिलैंडर ने कहा कि कोहली उनके लिये सबसे कठिन बल्लेबाज साबित हुए हैं। उन्होंने कहा ,'' भारत जैसे मजबूत बल्लेबाजी क्रम का सामना करना अच्छा लगता रहा है। मानसिक मजबूती के पैमाने पर देखा जाये तो कोहली काफी खतरनाक है और गेंदबाजों के लिये कड़ी चुनौती पेश करते हैं।'' टी20 विश्व कप से ठीक पहले आईपीएल होने से खिलाड़ियों के चोटिल होने या थकान के मसले पर उन्होंने कहा कि गेंदबाजों का सही प्रबंधन करना जरूरी है। उन्होंने कहा ,'' आईपीएल टी20 विश्व कप की तैयारी के लिये बेहतरीन प्लेटफॉर्म है लेकिन इसमें काफी मैच खेलने होंगे। यह सुनिश्चित करना होगा कि तेज गेंदबाजों का प्रबंधन बखूबी हो।'' अपने कैरियर में आईपीएल नहीं खेल सके फिलैंडर अब कोच या सलाहकार के रूप में इस लीग से जुड़ना चाहते हैं। उन्होंने कहा ,'' आईपीएल ऐसा टूर्नामेंट है जिससे आप कभी ना कभी जुड़ना जरूर चाहेंगे। शायद कोच और सलाहकार के तौर पर मेरे लिये दरवाजे खुलेंगे ताकि मैं युवा खिलाड़ियों के साथ अनुभव साझा कर सकूं।''

# तीसरे टेस्ट में रविंद्र जडेजा की होगी वापसी ? आया बड़ा अपडेट

15 फरवरी से राजकोट में भारत और इंग्लैंड के बीच राजकोट में तीसरा टेस्ट खेला जाएगा। राजकोट भारतीय स्टार ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा का घरेलू मैदान है। इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में जडेजा हैमस्ट्रिंग के चलते बाहर हो गए थे। फिलहाल मौजूदा समय में वो एनसीए में हैं, जहां वो अपनी चोट से उबर रहे हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच 15 फरवरी से राजकोट में तीसरा टेस्ट खेला जाएगा। राजकोट भारतीय स्टार ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा का घरेलू मैदान है। इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में जडेजा हैमस्ट्रिंग के चलते बाहर हो गए थे। फिलहाल मौजूदा समय में वो एनसीए में हैं, जहां वो अपनी चोट से उबर रहे हैं। वहीं अब उनके तीसरे टेस्ट में खेलने को लेकर बड़ा अपडेट आया है। बता दें कि, बीसीसीआई जल्द ही इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी तीन टेस्ट मुकाबलों के लिए भारतीय स्क्वॉड का ऐलान करेगा। वहीं बीसीसीआई अधिकारियों के हवाले से इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट में बताया गया है कि ज्यादा संभावना है कि रविंद्र जडेजा तीसरे टेस्ट में खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे।अधिकारी का





कहना है कि, हैमस्ट्रिंग चोट के कारण बाहर होने के बाद रविंद्र जडेजा ने भी अच्छी प्रगति दिखाई है। टीम प्रबंधन को भरोसा है कि वह अपने घरेलू मैदान पर भी खेलने के लिए उलब्ध रहेंगे। ैरतलब है कि, पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में दोनों टीमें 1–1 से बराबरी पर हैं। हैदराबाद में खेला गया पहला टेस्ट इंग्लैंड ने जीता था तो दूसरा विशाखापट्टनम टेस्ट में भारत ने अपनी हार का बदला लेते हुए विजयी पताका फहराया था।

# आखिरी 3 टेस्ट के लिए टीम इंडिया के स्क्वाड का ऐलान जल्द, कोहली–जडेजा की वापसी पर संस्पेंस

विराट कोहली को लेकर फैंस में उत्साह है कि वो तीसरे टेस्ट में खेलें। हालांकि, इस पर अभी तक कोई भी जानकारी नहीं आई है। सब जानना चाहते हैं कि क्या कोहली अब उपलब्ध हैं, क्योंकि शुरुआती 2 मुकाबलों में वो निजी कारणों से बाहर हो गए थे बीसीसीआई इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी 3 टेस्ट मैचों के लिए स्क्वॉड का ऐलान जल्द करेगा। अभी तक भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में से दो टेस्ट खेले जा चके हैं। जिनमें से एक इंग्लिश टीम ने तो दूसरा भारत ने जीता है जिससे दोनों टीमें सीरीज में 1–1 की बराबरी पर हैं। वहीं तीसरा टेस्ट 15 फरवरी से राजकोट में खेला जाएगा। लेकिन इससे पहले फैंस को आखिरी तीन टेस्ट मैचों के लिए भारतीय स्क्वॉड का बेसब्री से इंतजार है। दरअसल, विराट कोहली को लेकर फैंस में उत्साह है कि वो तीसरे टेस्ट में खेलें। हालांकि, इस पर अभी तक कोई भी जानकारी नहीं आई है। सब जानना चाहते हैं कि क्या कोहली अब उपलब्ध हैं, क्योंकि शुरुआती 2 मुकाबलों में वो निजी कारणों से बाहर हो गए थे। विराट कोहली की वापसी मुश्किल वहीं कोहली के दोस्त और साउथ अफ्रीका के दिग्गज एबी डिविलियर्स ने एक लाइव शो में बताया था कि कोहली जल्द दूसरी बार पिता बनने जा रहे हैं इसलिए इस समय वह परिवार के साथ रहना चाहते हैं। अभी जो खबर है उसके अनुसार विराट कोहली अगले 2 टेस्ट मैच के लिए उलब्ध नहीं रहेंगे, ऐसे में बोर्ड उन्हें सिर्फ पांचवें टेस्ट में शामिल कर सकती है। विकेटकीपिंग का जिम्मा किसे?शुरुआती 2 मुकाबलों में केएस भरत ने विकेटकीपिंग की थी, वह अहम समय पर बल्लेबाजी करने भी आए लेकिन वो कमाल दिखाने में नाकामयाब रहे। केएस भरत के साथ युवा खिलाड़ी ध्रुव जुरेल विकेट कीपर थे, जिन्हें शायद आखिरी तीन मुकाबलो में भी जगह दी जा सकती है। फैंस चाहते हैं कि ईशान किशन को टीम में शामिल किया जाए, लेकिन मैनेजमेंट चाहता है कि वह पहले घेरलू मैच खेले जबकि वो ऐसा नहीं कर रहे हैं। जिस कारण ईशान का टीम में शामिल होना मुश्किल है। वहीं विकेटकीपर के एक विकल्प केएल राहुल भी हैं, जो दूसरे टेस्ट में चोटिल हो कर बाहर हो गए थे।

राहुल–जडेजा की वापसी! साथ ही केएल राहुल और रविंद्र जडो दूसरे टेस्ट के दौरान चोटिल हो गए थे जिस कारण वो बाहर हो गए थे। फिलहाल वो अभी बेंगलुरु स्थित एनसीए में हैं। हालांकि, कहा जा रहा है कि केएल राहुल टीम में वापसी कर सकते हैं क्योंकि उनकी चोट गंभीर नहीं थी। वहीं जडेजा की वापसी मुश्किल बताई जा रही है।

# खाना खाने के तुरंत बाद फल खाना हो सकता है खतरनाक, हो सकती है पेट से जुड़ी गंभीर समस्या





हेल्दी और फिट रहने के लिए डाइट का खास ख्याल रखना बेहद जरूरी होता है. एक परफेक्ट डाइट में फल बेहद जरूरी होता है. फलों में ढेर सारे विटामिन्स और मिनरल्स होते हैं. इसलिए खाने के तुरंत बाद खाना खाने के बाद फल खाना अच्छा नहीं होता है. खासकर खाने के बाद खट्टे फल नहीं खाना चाहिए यह शरीर के लिए बेहद नुकसानदायक हो सकता है. इसलिए खाने के बाद नींबू, संतरे, माल्टा, अंगूर और कीनू खाने के बाद नहीं खाना चाहिए.

खाने के बाद फल खाना बन सकता है समस्या

पेट और पाचन में परेशानी

खाना खाने के बाद फल खाते हैं तो पेट में भारीपन, गैस और अपच की प्रॉब्लम होती है. इसका असर पाचन पर पड़ता है. कई लोग खाना खाने के बाद फल खा लेते हैं तो उन्हें गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल की समस्या होती है. जिसके कारण पाचन में दिक्कत होती है.पोषण मिलने में समस्या

खाना खाने के बाद फल खाने से शरीर को सही ढंग से पोषण नहीं मिलता है. खट्टे फलों में कई तरह के पोषक तत्व होते हैं. अगर खाना खाने के बाद फल खाते हैं तो पोषक तत्व ठीक से पच नहीं पाता है. इस चक्कर में इम्युनिटी कमजोर होने लगती है.

एसिडिटी की समस्या

खाना खाने के बाद खट्टा फल खाने से पेट में एसिड बनने लगता है. जिसके कारण एसिडिटी परेशान हो सकती है. एसिडिटी के कारण बैचेनी, अपच और सीने में जलन हो सकती है. खाना खाने के तुरंत बाद खट्टे फल बिल्कुल भी नहीं खाना चाहिए.खाना पचने में लगता है इतना वक्त

खाना खाने के बाद पचने में इसे 1 से 1.30 घंटा का वक्त लगता है. नाश्ते में खाया हुआ ब्रेड–ऑमलेट ठीक से पच नहीं पाता है तब हम तुरंत फटाक से खाते हैं. दो खानों के बीच एक अच्छा खासा गैप होना चाहिए. जिसके कारण पेट दर्द, गैस और पेट में मरोड़ जैसी बीमारियां हो सती है.

# वजन कम करने कहीं आप भी तो नहीं अपना रहे ये शार्टकट तरीका, हो जाइए सावधान

बढ़ता वजन अपने साथ कई बीमारियां लेकर आता है. यह न सिर्फ पर्सनालिटी खराब करने का काम करता है बल्कि बीमार भी बना देता है. इससे बचने के लिए कई लोग जल्दी ही वजन कम करना चाहते हैं और इसके शॉर्टकट अपनाते हैं जो खतरनाक हो सकता है. यो यो डाइटिंग भी वजन कम करने का अनहेल्दी तरीका माना जाता है. इसे वेट साइकिलिंग भी कहते हैं. इसे फॉलो करने पर वजन में तो तेजी से बदलाव होता है लेकिन बार–बार वजन बढ़ता भी रहता है. आइए जानते हैं वजन कम करने का ये शॉर्टकट तरीका कितना नुकसानदायक है...

फिजिकल और मेंटल हेल्थ पर असर

रिपोर्ट्स के मुताबिक, नॉर्थ कैरोलिना स्टेट यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने रिसर्च में फिजिकल और मेंटल हेल्थ पर यो यो डाइटिंग का नेगेटिव इफेक्ट पाया है. इस रिसर्च में वेट साइकिलिंग से गुजरने वाले 13 मेल और 23 फीमेल पार्टिसिपेंट्स का इंटरव्यू लिया गया. उन्होंने बताया कि वजन कम करने का फैसला उन्होंने सेहत को होने वाले नुकसान की वजह से नहीं बल्कि सोशल प्रेशर की वजह से लिया था. जिसकी कीमत चुका रहे हैं.

वजन घटाने अपनाए ये तरीके

इस रिसर्च में बताया गया कि कई पार्टिसिपेंट्स ने वजन कम करने के लिए गैर जरूरी और अस्थाई तरीके भी अपनाएं. इनमें फूड और कैलोरी को पूरी तरह रोक देना,, कैलोरी काउंट का ज्यादा प्रेशर लेना, एकदम लो कार्ब डाइट या डाइट ड्रग्स का सेवन, सोशल इवेंट्स में न जाने जैसी चीजें शामिल थी. जैसे ही वे इस डाइटिंग पैटर्न को छोड़ते, उनका वजन पहले की तरह हो जाता था. इस स्टडी में शामिल सभी पार्टिसिपेंट्स का मकसद सिर्फ वेट लॉस करना था. एल्कोहॉल और अनहेल्दी खाने से बचने के लिए उन्होंने फ्रेंड्स से दूरी बना ली, परिवार से कटे–कटे रहने लगे, जिसका असर उनकी इमोशनल हेल्थ पर भी पड़ा है.



# जान अब्राहम की मास एक्शन फिल्म वेदा का एलान, सामने आया फर्स्ट लुक, 12 जुलाई को रिलीज होगी फिल्म

हीरो को मौत के घाट उतारने की कोशिश करने वाले जॉन अब्राहम अब रक्षक बनकर हीरोइन को बचाते हुए दिखाई देंगे। जॉन को आखिरी बार शाह रुख खान की फिल्म पठान में एक्स एजेंट के रूप में देखा गया था। अब वह निखिल आडवाणी की आगामी फिल्म में धुआंधार एक्शन करते हुए नजर आने वाले हैं।जॉन अब्राहम ने अपने चाहने वालों को सरप्राइज देते हुए एक पोस्ट किया। आज उनकी आगामी फिल्म वेदा की अनाउंसमेंट हुई है। काफी समय से चर्चा थी कि जॉन अब्राहम एक्ट्रेस शरवरी वाघ के साथ फिल्म करने जा रहे हैं। तब से जॉन और शरवरी की फिल्म की एक झलक पाने के लिए फैंस बेताब थे। अब फाइनली इंतजार की घड़ी खत्म हो गई है।

जॉन अब्राहम की नई फिल्म वेदा की अनाउंसमेंट एक शानदार पोस्टर के साथ की गई है। फिल्मफेकर निखिल आडवाणी ने सोशल मीडिया पर वेदा का धांसू पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर के जरिए जॉन और शरवरी का दमदार फर्स्ट लुक रिवील किया गया है। इसमें दोनों का आधा चेहरा नजर आ रहा है। जॉन की आंखों में तेज गुस्सा है, तो वहीं शरवरी के आंखों में गुस्से के साथ आंसू भी है। वह अभिनेता के पीछे खड़ी हैं।इस पोस्टर के साथ निखिल आडवाणी ने कैप्शन में लिखा, वेदा। इसके लिए इंतजार करिए। उसे एक रक्षक की जरूरत है। उसे एक हथियार मिल गया है। फिल्ममेकर ने सिर्फ दमदार पोस्टर ही नहीं, बल्कि फिल्म की रिलीज



डेट की भी घोषणा कर दी है। यह फिल्म इसी साल 12 जुलाई को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है।वेदा में जॉन अब्राहम और शरवरी वाघ के अलावा स्त्री अभिनेता अभिषेक बनर्जी और तमन्ना भाटिया जैसे कलाकार भी नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन निखिल आडवाणी ने किया है, जबकि कहानी असीम अरोड़ा ने लिखी है। जॉन अब्राहम ने अभिनय के साथ फिल्म का निर्माण भी किया है।

# गुरु रंधावा और साईं मांजरेकर स्टारर कुछ खट्टा हो जाय का ट्रेलर हुआ रिलीज, कामेडी से भरपूर है कहानी

हिंदी सिनेमा के जाने–माने गायक, गीतकार और संगीतकार गुरु रंधावा अभिनय की दुनिया में कदम रखने को तैयार हैं।उन्होंने हाल ही में अपनी पहली फिल्म कुछ खट्टा हो जाए का ऐलान किया था। इसमें बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।सई मांजरेकर भी फिल्म का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।अब कुछ खट्टा हो जाए का ट्रेलर सामने आ चुका है, जिसकी कहानी रोमांस और कॉमेडी से भरपूर है।कुछ खट्टा हो जाए 16 फरवरी को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। इस फिल्म के निर्देशन की कमान जी अशोक ने संभाली है।फिल्म की कहानी विजय पाल सिंह ने लिखी है। अमित भाटिया और लवीना भाटिया फिल्म के निर्माता हैं।कुछ खट्टा हो जाए में इला अरुण, अतुल श्रीवास्तव, परेश गनात्रा और परितोष त्रिपाठी भी हैं।यह फिल्म आगरा पर आध ाारित है। कहानी दो प्रेमियों और उनके परिवारों के इर्द–गिर्द घूमती है। फिल्म के बारे में बात



करते हुए गुरु ने कहा, हम सभी ने फिल्म में अपना योगदान दिया है, इस फिल्म में सभी सुपरस्टार हैं, लेकिन, आप लोगों को फिल्म को मेगा सुपरस्टार बनाना है। यह फिल्म एक आम आदमी के जीवन के बारे में है। हम चाहते हैं कि आप सभी फिल्म देखें और इसका समर्थन करें।सई ने कहा, यह क्रू सबसे दयालु, मधुर और सबसे मजेदार रहा है और यह स्क्रीन पर दिखता है। ट्रेलर में आप देख सकते हैं कि हमने कितना मजा किया है, हमने फिल्म में कितना प्यार डाला है। मुझे उम्मीद है कि प्यार सौ गुना वापस आएगा। पूरे फिल्मांकन का अनुभव बहुत अच्छा रहा और मैं बहुत खुश हूं। गौरतलब है कि अभिनय की दुनिया में दस्तक देने से पहले गुरु रंधावा ने अपनी आवाज से लाखों लोगों को दीवाना बनाया है। उन्होंने अपने करियर में लाहौर, पटोला, तेनु सूट सूट करदा और बन जा तू मेरी रानी जैसे सुपरहिट गानों में अपनी आवाज दी है।

## एक्शन-थ्रिलर बेबी जान का पहला पोस्टर आया सामने, खूंखार अंदाज में तेवर दिखाते नजर आए वरुण धवन

बदलापुर, कलंक, दिलवाले जैसी फिल्मों के बाद एक बार फिर वरुण धवन एक्शन अवतार में नजर आने वाले हैं। फैंस के बीच क्रेज इसलिए और भी ज्यादा है, क्योंकि वह जवान डायरेक्टर एटली की एक्शन थ्रिलर बेबी जॉन में हैं। बेबी जॉन को लेकर काफी समय से बज बना हुआ था। हाल ही में, एटली ने फिल्म के टाइटल के साथ धमाकेदार टीजर जारी कर अपनी अपकमिंग ब्लॉकबस्टर की एक झलक दिखाई थी। एक मिनट के वीडियो में वरुण धवन के इंटेंस लुक ने फैंस के होश उड़ा दिए थे। वरुण धवन ने अपनी



आगामी फिल्म बेबी जॉन से एक और पोस्टर शेयर कर दिया है। इस पोस्टर ने फैंस के बीच क्रेज पहले से और बढ़ा दिया है। खूंखार नजरों और हाथ में हथियार लिए वरुण धवन का ये अवतार शायद आपने पहले कभी नहीं देखा होगा। बैकग्राउंड में एक खूंखार विलेन दिख रहा है। इसे देख पक्का आपकी रूह कांप जाएगी। इसे शेयर करते हुए बवाल एक्टर ने कैप्शन में लिखा, कसकर पकड़ें, यात्रा उग्र होने वाली है। एटली निर्मित फिल्म का पोस्टर देख फैंस जमकर रिएक्शन दे रहे हैं। अर्जुन कपूर ने भी इस पर कमेंट किया है। एक्टर ने लिखा, मास मसीहा। वहीं, यूजर्स भी इसे काफी पसंद कर रहे हैं। एटली की मच अवेटेड फिल्म बेबी जॉन के निर्देशन का जिम्मा कलीस ने संभाली है। फिल्म का निर्माण एटली, मुराद खेतानी, एटली और ज्योति देशपांडे ने किया है। फिल्म में वरुण धवन के साथ साउथ एक्ट्रेस कीर्ति सुरेश और पंजाबी एक्ट्रेस वामिका गब्बी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। कीर्ति का बॉलीवुड में डेब्यू है। यह फिल्म 31 मई 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# बाक्स आफिस पर धीमी रफ्तार से 200 करोड़ की ओर बढ़ रही है रितिक–दीपिका की फाइटर

ऋतिक रोशन स्टारर श्फाइटरस्य सिनेमाघरों में धीमी स्पीड से आगे बढ़ रही है. फिल्म 25 जनवरी को रिलीज हुई थी और इस फिल्म ने शुरुआती चार दिनों में शानदार कलेक्शन किया और 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया. हालांकि इसके बाद श्फाइटरस्य की कमाई का ग्राफ गिरता चला गया. दूसरे वीकेंड पर एक बार फिर श्फाइटरस्य ने ऊंची उड़ान भरी और दमदार कमाई कर ली. चलिए यहां जानते हैं ऋतिक रोशन की फिल्म ने रिलीज के 13वें दिन कितने करोड़ का कलेक्शन किया है? श्फाइटरस्य एक देशभक्ति से भरी फिल्म है. इस फिल्म में ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण ने पहली बार स्क्रीन शेयर की है. दोनों स्टार्स की शानदार केमिस्ट्री और फिल्म की दमदार कहानी ने दर्शकों को दिल भी जीता है. हालांकि ये फिल्म उम्मीद के मुताबिक बॉक्स ऑफिस परफॉर्मेंस नहीं दे पा रही है. फिल्म की कमाई की बात करें तो श्फाइटरस्य ने 22.5 करोड़ से ओपनिंग की थी. इसके बाद फिल्म का पहले हफ्ते का कलेक्शन 146.5 करोड़ रुपये रहा. वहीं अब ये फिल्म रिलीज के दूसरे हफ्ते में है. फिल्म ने



9वें दिन यानी दूसरे फ्राइडे जहां 5.75 करोड़ की कमाई की तो वहीं दूसरे शनिवार यानी 10वें दिन 10.5 करोड़ का कलेक्शन किया. दूसरे रविवार यानी 11वें दिन श्फाइटरस्य ने 12.5 करोड़ कमाए और 12वें दिन फिल्म का कारोबार 3.25 करोड़ रुपये रहा. वहीं अब फिल्म की रिलीज के 13वें दिन यानी दूसरे मंगलवार की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं. रिपोर्ट के मुताबिक श्फाइटरस्य ने रिलीज के 13वें दिन यानी दूसरे मंगलवार को भी 3.25 करोड़ रुपये की कमाई की है. इसी के साथ श्फाइटरस्य का 13 दिनों का कुल कलेक्शन अब 181.75 करोड़ रुपये हो गया है. श्फाइटरस्य का घरेलू बाजार में कलेक्शन बेशक उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा है लेकिन वर्ल्डवाइड फिल्म ने अच्छा खासा कलेक्शन कर लिया है. ये फिल्म 300 करोड़ के क्लब में शामिल होने वाली साल 2024 की पहली फिल्म बन चुकी है. वहीं ट्रेड एनालिस्ट मनोबाला विजयबालन ने श्फाइटरस्य के वर्ल्डवाइड कमाई के आंकड़े शेयर किए हैं. इसके मुताबिक श्फाइटरस्य ने वर्ल्डवाइड पहले दिन 36.04 करोड़, दूसरे दिन 64.57 करोड़, तीसरे दिन 56.19 करोड़, चौथे दिन 52.74 करोड़, पांचवें दिन 16.33 करोड़, छठे दिन 14.95 करोड़, सातवें दिन 11.70 करोड़, आठवें दिन 10.24 करोड़, नौवें दिन 9.75 करोड़, 10वें दिन 15. 19 करोड़, 11वें दिन 18.46 करोड़ और 12वें दिन 6.69 करोड़ का कलेक्शन किया है. इसी के साथ श्फाइटरस्य का 12 दिनों का कुल कलेक्शन 312.85 करोड़ रुपये हो गया है. वहीं 13वें दिन इस फिल्म के 315 करोड़ का आंकड़ा पार करने की उम्मीद है. श्फाइटरस्य का निर्देशन सिद्धार्थ आनंद ने किया है. इस फिल्म में ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण के अलावा अनिल कपूर, करण सिंह ग्रोवर, संजीदा शेख और अक्षय ओबेरॉय समेत कई कलाकारों ने अहम रोल प्ले किया है.

## फाइटर का नया गाना बेकरार दिल जारी, रितिक-दीपिका का दिखा रोमांटिक अंदाज

ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की फिल्म फाइटर बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा रही है। ये फिल्म 25 जनवरी को रिलीज हुई थी। इन 12 दिनों में फाइटर ने बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई की है। ऋतिक रोशन और दीपिका की जोड़ी की जमकर तारीफ हो रही है। फिल्म की कहानी के साथ–साथ मूवी के गानों को भी काफी पसंद किया जा रहा है। अब मेकर्स ने फिल्म की रिलीज के दो हफ्ते बाद फिल्म से वैलेंटाइन स्पेशल सॉन्ग बेकरार दिल रिलीज किया है। जो आते ही सोशल मीडिया पर छा गया है।

गाने की हर धुन में बेहद प्यार और रोमांस झलक रहा है. ये गाना एक इमोशनल धुन है जो वास्तव में दिलों को छू जा रहा है. ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की शानदार फ्रेश केमिस्ट्री वास्तव में स्क्रीन पर देखने लायक है. इस वैलेंटाइन डे पर ये गाना सच में किसी ट्रीट से कम नहीं है. इस गाने को विशाल मिश्रा, शिल्पा राव, विशाल ददलानी और शेखर रवजियानी ने मिलकर गाया है। तो वहीं गाने के बोल कुमार ने लिखे हैं। बेकरार दिल में ऋतिक और दीपिका जबरदस्त डांस करते नजर आ रहे हैं।

इस का नया गाना रिलीज करने से पहले फिल्म को लेकर एक बवाल मचता नजर आया। खबर है कि फिल्म में ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण के बीच किसिंग सीन दिखाया गया है जिसको लेकर अब भारतीय वायु सेना के एक विंग कमांडर ने आपत्ति जताई और मेकर्स को लीगल नोटिस भेज दिया है, जिसमें कहा गया है कि इस तरह से यूनिफॉर्म में किस करना सेना की वर्दी का अपमान है। ये वर्दी कोई कपड़े का टुकड़ा नहीं है, बल्कि ये अनुशासन, समर्पण और देश की रक्षा के लिए त्याग का प्रतीक है। फाइटर 25 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इन 13 दिनों में फिल्म ने इंडिया में इस 181.75 करोड़ की कमाई की है और वर्ल्डवाइड 300 करोड़ का आंकड़ा पार कर चुकी है।

## कृति सेनन ने शार्ट ड्रेस में फ्लान्ट किए टोन्ड लेग्स, किलर पोज ने जीत लिया दिल



एक्ट्रेस कृति सेनॉन अपनी अपकमिंग फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया को लेकर काफी चर्चा में है। तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया की रिलीज से पहले कृति सेनॉन स्पॉट हुई हैं। कृति सेनॉन का नया लुक सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इन नई तस्वीरों में कृति सेनॉन अपने नए लुक में दिखाई दीं। कृति सेनॉन इस दौरान शॉर्ट ड्रेस में दिखाई दीं। कृति सेनॉन की शॉर्ट ड्रेस को देखने के बाद लोग देखते ही रह गए। तो चलिए देखते हैं कृति सेनॉन का नया लुक जो सोशल मीडिया पर गदर काट रहा है। कृति सेनॉन की अभी हाल ही में जो तस्वीरें सामने आई हैं। उन फोटोज में कृति सेनॉन शॉर्ट ड्रेस पहने नजर आ रही हैं। कृति सेनॉन की ये शॉर्ट ड्रेस एकदम अलग ही डिजाइन की थी, जिसे देखने के बाद लोग देखते रह गए। कृति सेनॉन इस वायरल हो रही तस्वीर में ईयररिंग्स पहने दिखाई दीं। कृति सेनॉन की ईयररिंग्स लोगों को काफी पसंद आ रही हैं। कृति सेनॉन इस तस्वीर में अपने टोन्ड लेग्स फ्लॉन्ट करती हुई नजर आ रही हैं। कृति सेनॉन की ये अदा लोगों का दिल लूट रही है। कृति सेनॉन इस तस्वीर में किलर पोज देती हुई नजर आ रही हैं। कृति सेनॉन के किलर पोज पर लोग दिल हार बैठे। कृति सेनॉन इस तस्वीर में एक प्यारी सी स्माइल पास करती हुई नजर आ रही हैं। कृति सेनॉन की स्माइल फैंस का दिल लूट रही हैं। कृति सेनॉन के इस नए लुक को देखने के बाद यूजर्स इसकी जमकर तारीफ करते हुए नजर आए। कृति सेनॉन का ये लुक आते ही छा गया। कृति सेनॉन इस तस्वीर में अपने सादगी भरे अंदाज में दिखाई दीं। कृति सेनॉन की इस अदा पर फैंस फिदा हो गए। कृति सेनॉन की इस तस्वीर पर कमेंट करते हुए यूजर्स ने एक्ट्रेस को सबसे हसीन बता डाला।

कृति सेनॉन के इस लुक पर आपकी क्या राय है, कमेंट कर के हमें जरूर बताएं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, कृति की इस ड्रेस की कीमत 1.9 लाख रुपये है।इस ड्रेस में कृति की कुछ तस्वीरें भी सामने आई हैं, जो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं।तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया 9 फरवरी को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। धर्मेंद्र और डिंपल कपाडिया भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।फिल्म का निर्देशन अमित जोशी और आराधना साह ने मिलकर किया है।

# विक्रमादित्य मोटवानी की कंट्रोल पाकर चौंक गई थीं - अनन्या पांडे



अनन्या पांडे फिल्म खो गए हम कहां की सफलता के बाद से ही चर्चा में हैं। सोशल मीडिया की उलझनों को दर्शाती इस फिल्म में अनन्या की उम्दा अदाकारी देखने को मिली थी।अब अनन्या अपनी अगली साइबर थ्रिलर फिल्म की तैयारी में जुट गई हैं, जिसे फिलहाल कंट्रोल नाम दिया गया है।फिल्म के बारे में बात करते हुए अनन्या ने बताया कि जब निर्देशक विक्रमादित्य मोटवानी ने उन्हें इस फिल्म की पेशकश की तो उन्हें धक्का लगा था।

अनन्या ने कहा, विक्रम सर के साथ काम करना मेरा सपना था। मैंने फिल्म उड़ान कई बार देखी है। जब वो मुझसे मिलना चाहते थे तो मैं हैरान थी। मेरी टीम ने जब मुझे बताया कि तो मैंने पूछा क्या वह मेरे साथ काम करना चाहते हैं? मैं उनसे मिली तो मैंने उनसे पूछ लिया कि क्या वही इसका निर्देशन करेंगे?।दरअसल, अनन्या विश्वास नहीं कर पा रही थीं कि वह मोटवानी की फिल्म का हिस्सा हैं।अनन्या कहती हैं कि उनमें आत्मविश्वास की कमी है और इसलिए उन्हें दूसरे व्यक्ति की जरूरत पड़ती है।उन्होंने कहा, जब मैं सेट पर होती हूं तो मुझे निर्देशकों से 10 बार पूछना पड़ता है कि क्या मेरा शॉट ठीक था। क्या मुझे एक और शॉट करना चाहिए? जब कोई मेरे काम की प्रशंसा करता है या तो मेरी पहली प्रतिक्रिया होती है, क्या सच में, आपको यकीन है?अनन्या अपनी इस आदत को सुधारने की कोशिश कर रही हैं।

कंट्रोल मोटवानी और निखिल द्विवेदी द्वारा संयुक्त रूप से निर्माता हैं। इसकी कहानी एक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के इर्द–गिर्द बुनी गई है, जिसमें थ्रिलर का तड़का होगा।इस फिल्म में अनन्या से साथ अभिनेता विहान सामत नजर आएंगे, जो वेब सीरीज मिसमैच्ड से लोकप्रिय हुए हैं, वहीं अब वह कॉल मी बे में भी नजर आने वाले हैं।इस फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है और ऐसे में इसके इस साल रिलीज होने की उम्मीद है।

अनन्या अब द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ सी शंकरन नायर का भी हिस्सा हैं, जिसे करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले बनाया जा रहा है। इस बायोपिक में अक्षय कुमार वकील की मुख्य भूमिका में होंगे और अनन्या उनकी जूनियर का किरदार निभाएंगी।इसके अलावा वह अब ओटीटी की दुनिया में भी अपनी शुरुआत करने जा रही हैं। अभिनेत्री वेब सीरीज कॉल मी बे के जरिए ओटीटी पर कदम रखेंगी,

## फिल्म आपरेशन वैलेंटाइन से दूसरा ट्रैक रब है गवाह हुआ आउट, मानुषी छिल्लर-वरुण तेज की केमिस्ट्री ने किया इंप्रेस

फॉर्मर मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर ने एक्टिंग की दुनिया में काफी समय पहले कदम रख लिया है. वो इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म ऑपरेशन वैलेंटाइन को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं. इस फिल्म में वो साउथ स्टार वरुण तेज संग रोमांस करती नजर आएंगी. फिल्म को लेकर वो काफी एक्साइटेड हैं. अभी तक फिल्म का एक गाना रिलीज हो चुका है. इस बीच फिल्म से दूसरा रोमांटिक सॉन्ग



रिलीज कर दिया गया है. फिल्म ऑपरेशन वैलेंटाइन के दूसरे गाने रब है गवाह को सारेगामा म्यूजिक के यूट्यूब चौनल पर रिलीज किया गया है. इस गाने में मानुषी छिल्लर और वरुण तेज की जबरदस्त केमिस्ट्री देखने को मिल रही है. गाने के बोल काफी रोमांटिक हैं जो आपके वेलेंटाइन को और भी रोमांटिक बना सकते हैं. बता दें कि, गाने का म्यूजिक मिकी जे मियर ने दिया है. वहीं इसके लिरिक्स कुमार ने लिखे हैं. इसके अलावा गाने को शान ने अपनी आवाज दी है. गाना वाकई काफी रोमांटिक है. रब है गवाह से पहले फिल्म का पहला ट्रैक वंदे मातरम रिलीज किया गया था. इस गाने में देशभक्ति की भावना दिखाई गई थी. वहीं, अब रब है गवाह भी सामने आ गया है और इस गाने को दर्शक काफी पसंद कर रहे हैं. सॉन्ग में मानुषी और वरुण की जोड़ी को भी काफी पसंद किया जा रहा है. फिल्म की बात करें तो, ऑपरेशन वैलेंटाइन मानुषी छिल्लर का वरुण तेज के साथ पहला ऑन–स्क्रीन कोलैबोरेशन है. पोस्टर्स और झलकियों को देखकर, ऐसा लग रहा है कि दर्शक बड़े पैमाने पर एक बेहतरीन मनोरंजन के लिए तैयार हैं. ऑपरेशन वेलेंटाइन में मानुषी एक रडार ऑफिसर की भूमिका निभा रही हैं

